हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 26 मार्च 2026

04 आराध्या बनी इंग्लिश ओलंपियाड स्टेट चैंपियन




07 28 हजार 225 मानक बोरा तेंदूपत्ते का होगा...







## खबर संक्षेप

### अवधेश रानी अवंतीबाई लोधी विवि की कार्य परिषद में सदस्य नियुक्त



**सागर।** रानी अवंतीबाई लोधी राजकीय विश्वविद्यलय सागर की कार्यपरिषद में भाजपा नेता अवधेश बिलैया को सदस्य नामांकित किया गया है। राज्यपाल की ओर से इस आशय का पत्र जारी हुआ है। जिसके अनुसार 23 मार्च 2026 से 22 मार्च 2029 तक की कालावधि के लिए सदस्य नामनिर्देशित किया गया है।

### प्रो. अम्बिकादत्त शर्मा आईसीपीआर के राष्ट्रीय फेलो मनोनीत



**सागर।** डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय के सेवानिवृत्त प्रो. अंबिकादत्त शर्मा को भारतीय दार्शनिक अनुसंधान परिषद द्वारा वर्ष 2025-26 के लिए राष्ट्रीय फेलो के रूप में मनोनीत किया गया है। प्रो. शर्मा को यह सम्मान और फेलोशिप दार्शनिक ज्ञान के विकास में महत्वपूर्ण योगदान, एक प्रोफेसर के रूप में लंबे और गौरवशाली करियर, युवा पीढ़ी के कई शोधकर्ताओं को दर्शनशास्त्र में अनुसंधान करने के लिए प्रेरित और समर्पित करने के लिए प्रदान किया गया है। यह विश्वविद्यालय के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि है। आईसीपीआर द्वारा प्रदत्त यह सम्मान और फेलोशिप दो वर्ष की अवधि के लिए है। जिसके अंतर्गत साठ हजार पांच सौ रूपये की मासिक फेलोशिप और छियासठ हजार रुपये प्रति वर्ष का आकस्मिक अनुदान प्रदान किया जाएगा। इससे पूर्व प्रो. शर्मा, आचार्य शंकर सांस्कृतिक एकता न्यास, संस्कृति विभाग, मध्य प्रदेश शासन के शंकर फेलो रहे हैं। हाल ही में उन्हें मध्य एवं छत्तीसगढ़ दर्शन परिषद के 21वें अधिवेशन पर दर्शनश्री सम्मान से सम्मानित किया गया है । वे दर्शन प्रतिष्ठान, जयपुर से प्रकाशित पत्रिका उन्मीलन' के भी सम्पादक हैं। वर्तमान में वे अखिल भारतीय दर्शन परिषद के अध्यक्ष पद के दायित्व का निर्वहन कर रहे हैं। दर्शन के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान एवं प्रगत शोधपरक गवेषणाओं के लिए उन्हें विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा रिचर्स पुरस्कार, नरेश मेहता स्मृति वाङ्मय सम्मान, अखिल भारतीय दर्शन परिषद द्वारा प्रणवानंद दर्शन सम्मान, संस्कृति विभाग, मध्य प्रदेश शासन द्वारा एकात्म पर्व सम्मान से विभूषित किया गया है। इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय परिवार ने उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें प्रेषित की हैं।

वन्य जीव संरक्षण के प्रति सरकार प्रतिबद्ध : सीएम डॉ मोहन यादव

# सीएम डॉ. यादव ने अपने जन्मदिन पर वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व को दी सौगात, सॉफ्ट रिलीज बोमा का किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अपने जन्म दिवस के पावन अवसर पर प्रदेश के वन्यजीव प्रेमियों और बुंदेलखंड वासियों को एक ऐतिहासिक उपहार दिया है। मुख्यमंत्री ने वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व में चीतों के पुनर्वास की दिशा में सबसे महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए सॉफ्ट रिलीज बोमा का विधि-विधान से भूमि पूजन किया। कूनो नेशनल पार्क में चीता प्रोजेक्ट की सफलता के बाद अब वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व को चीतों के घर के रूप में विकसित किया जा रहा है।

सॉफ्ट रिलीज बोमा तकनीक के तहत चीतों को नए परिवेश में ढालने के लिए एक बड़े क्षेत्र में विशेष बाड़े (बोमा) तैयार किए जाते हैं, जहाँ उन्हें शुरुआती निगरानी में रखा जाता है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि यह परियोजना न केवल वन्यजीव संरक्षण को मजबूती देगी, बल्कि बुंदेलखंड में इको-टूरिज्म और रोजगार के नए द्वार भी खोलेगी। विशेषज्ञों के अनुसार, वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व का घनत्व और यहाँ के घास के मैदान चीतों के लिए बेहद अनुकूल हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कूनो के बाद अब वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व चीतों की अठखेलियों का नया केंद्र बनेगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रदेश सरकार केवल थलचर ही नहीं, बल्कि नभचर और जलचर जीवों के संरक्षण की दिशा में भी मिशन मोड पर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा, कि जंगल की असली खूबसूरती वहाँ के जानवरों से ही होती है। यह कदम न केवल बुंदेलखंड के प्राकृतिक संतुलन और पर्यटन को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा बल्कि यहां रोजगार के नए अवसर भी पैदा करेगा।



भूमिपूजन के अवसर पर वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री दिलीप अहिरवार, पूर्व मंत्री एवं रहली विधायक गोपाल भार्गव, देवरी विधायक बृज बिहारी पटेरिया, नरयावली विधायक प्रदीप लारिया, जिला पंचायत उपाध्यक्ष देवेंद्र सिंह, श्याम तिवारी, रानी कुशवाहा, प्रधान सचिव, वन विभाग, मध्यप्रदेश संदीप यादव, वन बल प्रमुख शुभरंजन सिंह सेन, संभागायुक्त अनिल सुचारी, पुलिस महानिरीक्षक हिमानी खन्ना, पुलिस उपमहानिरीक्षक सचिंद्रनाथ चौहान, कलेक्टर संदीप जी आर, पुलिस अधीक्षक विकास शाहवाल, मुख्य वन संरक्षक दीपू दमन सिंह भदौरिया, डीएफओ रजनीश सिंह एवं वरुण यादव सहित जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी भी मौजूद रहे।

### मुख्यमंत्री ने जंगल सफारी का लिया आनंद

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व में करीब 10 किलोमीटर लंबी सफारी का आनंद लिया। इस दौरान उन्होंने बामनेर नदी में कछुओं को प्राकृतिक आवास में मुक्त किया और वन्य जीव संरक्षण तथा जैव विविधता के संरक्षण और संवर्धन के लिए प्रतिबद्धता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में पर्यटन के विस्तार की अपार संभावनाएं हैं। डॉ. यादव ने बताया कि कूनो नेशनल पार्क और गांधी सागर अभयारण्य के बाद, वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व जल्द ही चीतों का तीसरा घर बनेगा। यहाँ का भू-दृश्य दक्षिण अफ्रीका के घास के मैदानों के समान है, जो चीतों के लिए अनुकूल है।

### मुख्यमंत्री ने कृषक हरदास के खेत पर किया भोजन

प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, कृषक हरदास रैकवार के खेत पर पहुंचे। जहां कृषक परिवार ने कलश रखकर, चंदन रोरी का तिलक लगाते हुए पारंपरिक तरीके से मुख्यमंत्री का स्वागत किया। तत्पश्चात मुख्यमंत्री डॉ यादव ने ग्रामीण परिवेश में आम के वृक्ष की छांव में खाट पर बैठकर भोजन ग्रहण किया। भोजन के पूर्व उन्होंने गौ माता को चारा भी खिलाया। मुख्यमंत्री ने बुन्देली भोजन की तारीफ की और कढ़ी, बिर्रा की रोटी, समां के चावल की खीर, खीचला-पापड़ आदि व्यंजनों का स्वाद चखा।

### बच्चियों को काजू कतली खिला कर मनाया जन्मदिन

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के जन्मदिवस के अवसर पर रहली में उनका अभूतपूर्व स्वागत और अभिनंदन किया गया। मुख्यमंत्री ने इस मौके को और भी खास बनाते हुए सभी बच्चियों को अपने हाथों से काजू कतली खिलाई और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने वहां मौजूद आठ बच्चियों को ड्राइविंग लाइसेंस सर्टिफिकेट भी प्रदान किये। डॉ. यादव ने कहा कि सरकार बेटियों को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बेटियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि वे हर क्षेत्र में आगे बढ़ें और प्रदेश का नाम रोशन करें।



## 151वां निशुल्क स्वास्थ्य शिविर संपन्न

**सागर।** डॉ हरी सिंह गौर विश्वविद्यालय के पूर्व चिकित्सा अधिकारी ब्र. डॉ. सोमेश्वर नाथ शुक्ला एवं ब्र. शांति देवी शुक्ला की स्मृति में 151 वां निशुल्क स्वास्थ्य शिविर संपन्न हुआ, इसमें जिसमें 110 रोगियों का निशुल्क रोग स्वास्थ्य परीक्षण तथा परामर्श डॉ राजेश शुक्ला द्वारा दिया गया। जिसमें योग प्रशिक्षण एवं आहार का आयुर्वेद से संबंधित निशुल्क साहित्य भी वितरित किया गया जिसमें मधुमेह 35, रक्ताल्पता 25, यूरिक एसिड 20, बाडी मॉस 18, श्वास 20 की जांच की गई यह शिविर शिवोम सोम शांति चिकित्सालय एवं अनुसंधान केंद्र, 5 सिविल लाइन सागर में किया गया है। जिसमें मकरोनिया, पथरिया जाट, तिली, बदतूमा, बमोरी ,पटकुई एवं विभिन्न अंचलों के लोग शामिल हुए। इस शिविर में अर्पित देसाई, सत्येश शुक्ला, वीरेन्द्र गोस्वामी, अंकित जैन, दीपक शाह इत्यादि का विशेष सहयोग रहा एवं इस शिविर में जे एन पांडे के देवलोक गमन पर शिविर के दौरान भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी गई। 152वां शिविर बुधवार 22 अप्रैल को पुनः शिवोम सोम शांति चिकित्सालय एवं 5 सिविल लाइन सागर में किया जावेगा।



## गढाकोटा में आंगनवाड़ी केन्द्रों में हुआ विद्यारंभ प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम

**गढाकोटा।** महिला एवं बाल विकास मंत्रालय,भारत सरकार के निर्देषानुसार सागर जिले के सभी अंगनवाड़ी केन्द्रों में 05 से 06 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को प्राथमिक शाला में सहज रूप से स्थानांतरित करने एवं प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा को सुदृढ़ बनाने के उद्देष्य से विद्यारंभ प्रमाण पत्र प्रदाय किये गये। इस पहल के माध्यम से आंगनवाड़ी केन्द्रों द्वारा दी जा रही प्रारंभिक षिक्षा की महत्ता को रेखांकित किया जायेगा तथा समुदाय में इन केन्द्रों को एक प्रमाणिक शैक्षणिक आधार के रूप में स्थापित करने का प्रयास होगा और अभिभावकों को भी अपने बच्चों को नियमित रूप से आंगनवाड़ी भेजने के लिए प्रोत्साहन मिलेगा। बाल विकास परियोजना गढ़ाकोटा अंतर्गत समस्त आंगनवाड़ी केन्द्रों में ग्रेजुएशन सेरेमनी आयोजित की गई परियोजना अधिकारी शीतल पटैरिया द्वारा बताया गया कि जिन बच्चों द्वारा प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा प्राप्त कर ली है, और अब विद्यालय में प्रवेश हेतु पात्र हैं उन्हें विद्यारंभ प्रमाण पत्र प्रदाय कर विद्यालयों में प्रवेश कराया जावेगा। कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों द्वारा 05 से 06 आयु वर्ग के लगभग 1828 बच्चों को विद्यारंभ प्रमाण पत्र वितरित किये गये। उक्त कार्यक्रम से न केवल बच्चों के विद्यालय प्रवेश को प्रोत्साहन मिलेगा, बल्कि आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं विभाग को भी प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा के क्षेत्र में एक नई पहचान प्राप्त होगी।

## 31 तक संपत्तिकर व जलकर की बकाया राशि का भुगतान करने पर अधिभार में मिलेगी छूट



**सागर।** नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री के विशेष प्रयासों के फलस्वरूप नगर निगम सागर के साथ ही पूरे प्रदेश की सभी नगरीय निकायों को संपत्तिकर एवं जलकर के बकायादारों को बड़ी राहत प्रदान की गई है। शासन द्वारा 31 मार्च तक बकाया करों पर अधिभार में लोक अदालत की तर्ज पर छूट देने की स्वीकृति प्रदान कर दी गई है, जिससे हजारों उपभोक्ताओं को लाभ मिलेगा। निगमायुक्त ने बताया कि नगर निगम क्षेत्र के करदाताओं को राहत देने के उद्देश्य से शासन स्तर पर अधिभार में छूट प्रदान करने के लिए पहल की गई थी। इस संबंध में की गई चर्चा के सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं और शासन से इसकी स्वीकृति प्राप्त हो गई है। अब नगर निगम क्षेत्र के नागरिक 31 मार्च तक अपने बकाया संपत्तिकर एवं जलकर की राशि जमा कर अधिभार में विशेष छूट का लाभ ले सकते हैं। उन्होंने बताया कि यह छूट लोक अदालत की तरह प्रदान की जा रही है, जिससे नागरिकों को अतिरिक्त आर्थिक भार से राहत मिलेगी और वे सरलता से अपने लंबित करों का भुगतान कर सकेंगे। यह निर्णय न केवल नागरिकों के हित में है, बल्कि नगर निगम की राजस्व वसूली को भी गति प्रदान करेगा, जिससे शहर के विकास कार्यों को और मजबूती मिलेगी। निगमायुक्त ने स्पष्ट किया कि 31 मार्च के बाद इस प्रकार की कोई छूट लागू नहीं रहेगी। निर्धारित तिथि तक बकाया संपत्तिकर जमा न करने की स्थिति में शासन के नियमों के अनुसार कर राशि दोगुनी हो सकती है, साथ ही अन्य वैधानिक कार्रवाई भी की जाएगी। इसलिए सभी बकायादारों के लिए यह एक सुनहरा अवसर है कि वे समय रहते अपने बकाया करों का भुगतान कर लें। उन्होंने नगर निगम क्षेत्र के समस्त नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि वे अपने संपत्तिकर, जलकर, कचरा प्रबंधन शुल्क, दुकानों के किराए सहित अन्य सभी करों की बकाया राशि 31 मार्च से पूर्व अनिवार्य रूप से जमा करें। इससे वे अधिभार में छूट का लाभ प्राप्त कर सकेंगे और भविष्य में होने वाली किसी भी प्रकार की कार्रवाई से बच सकेंगे। नागरिकगण अपने बकायाकर की राशि नगर निगम कार्यालय,पं मोतीलाल नेहरू स्कूल कटरा बाजार में काउंटर पर तथा आनलाइन पोर्टल एवं एम पी ई नगर पालिका एप पर कर सकते हैं। निगमायुक्त ने नागरिकों से सहयोग की अपेक्षा करते हुए कहा कि समय पर करों का भुगतान शहर के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। नागरिकों की सक्रिय सहभागिता से ही सागर शहर को स्वच्छ, सुंदर और विकसित बनाया जा सकता है।

# उद्यानिकी फसलों की नवीन तकनीकी पर कार्यशाला और सेमिनार आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

कलेक्टर के निर्देशानुसार उद्यानिकी तथा खाद्य प्रसंस्करण विभाग जिला सागर द्वारा जिला पंचायत सभागार मे एकीकृत बागवानी मिशन अंतर्गत दो दिवसीय उद्यानिकी फसलों की नवीन तकनीकी, फ्रूट फॉरेस्ट्री, हाइड्रोपोनिक्स विषय पर कार्यशाला / सेमिनार आज संपन्न हुआ। कार्यशाला के द्वितीय दिवस सुबह प्रथम सत्र में कृषि विज्ञान केंद्र सागर से प्रधान वैज्ञानिक डॉ के एस यादव ने संबोधन में कहा की जैविक खेती आज स्वास्थ्य और समाज के आहार का माध्यम बन रहा है जैविक भारत कार्यक्रम से देश में जैविक खेती को बढ़ावा मिलना तय है प्राकृतिक पद्धति से आज फलदार पौधों को संरक्षित कर उन्हें पोषित कर रहे हैं और प्राचीन पद्धति श्रम जीवी होती है जो हमें परिश्रम सीखती है साथ ही आर्थिक बचत भी होती है।




रश्मि पाण्डे डीन कृषि महा विद्यालय रहली ने संबोधित करते कहा की खाद्य प्रसंस्करण आधुनिक समय की मांग है हमें फूड प्रोसेसिंग के महत्व को समझना होगा। आज दुनिया खान पान को लेकर जागरूक है और जहां जागरुकता होती है वहां उन उत्पादों का उपयोग एवं महत्व बढ़ जाता है जैसे मोरिंगा पावडर सहजन जिसका महत्व आज काफी बढ़ गया है। ऑनियन पावडर, टमाटो कैचप हमारा सागर जिला भी एक जिला एक उत्पाद में टमाटर उत्पादन के लिए जुड़ा है।

हम खाद्य प्रसंस्करण को उद्यम बनाए डॉ मयंक मेहरा ने संबोधित करते कहा की हम खाद्य प्रसंस्करण उद्यम को अपने रोजगार का अंग बनाए इसे आजीविका का साधन बनाए। मार्केटिंग, पैकिंग, ब्रांडिंग का महत्व समझे। योजना से आप सीधे लोन भी प्राप्त कर सकते हैं। चिप्स, मसाले, कैचप, आटा, दाल की इकाइयों को सूक्ष्म रूप में प्रारंभ कर सकते हैं। जिला समन्वयक जन अभियान परिषद केके मिश्रा ने संबोधन में कहा की ग्रामीण विकास सामुदायिक सहभागिता से संभव है। जल संरक्षण, प्राकृतिक संरक्षण, और ऊर्जा के संसाधनों के महत्व को समझना होगा।

उपसंचालक उद्यान जिला सागर पी एस बडोले ने संबोधित करते कहा की हमें अपने स्थानीय स्त्रोत्र से आय स्त्रोत बनाने के लिए निरंतर अभ्यास, प्रशिक्षण, डिजिटल तकनीकियों का उपयोग करते रहना होगा तकी आधुनिक समय के साथ आर्थिक विकास और ज्ञान बढ़ता रहे।कार्यशाला में आभार अशोक कुमार मलारिया वरिष्ठ उद्यान विकास अधिकारी द्वारा व्यक्त किया गया।कार्यक्रम में अश्विनी मोनडे, अशोक मलारया, राम कुमार यादव, प्रदीप परिहार, विदेश प्रजापति, हर्षदीप यादव, रानू कुर्मी, अमृता बड़कुल आदि मौजूद थे।

## सामूहिक विवाह सम्मेलन को लेकर समाज में बढ़ रहा उत्साह : लखन

**सागर।** क्षत्रिय महासभा जिला सागर के तत्वावधान में आगामी 20 अप्रैल को आयोजित होने वाले क्षत्रिय समाज के सामूहिक कन्यादान विवाह सम्मेलन को लेकर तैयारियां तेज कर दी गई हैं। इसी क्रम में बीना में ब्लाक स्तरीय समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें सम्मेलन की रूपरेखा, व्यवस्थाओं और धन संग्रह को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में महासभा के जिला अध्यक्ष लखन सिंह बामोरा विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में क्षत्रिय महासभा के जिला अध्यक्ष लखन सिंह ने कहा कि पूर्व गृहमंत्री भूपेन्द्र सिंह की पहल पर समाज के वरिष्ठ जनों से विचार-विमर्श करते हुए यह आयोजन किया जा रहा है। सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजन नहीं, सामाजिक एकजुटता, सहयोग और मानवीय संवेदनाओं का प्रतीक है।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद रहली जिला सागर

क्र./ लोक निर्माण/निविदा/2026/257 — रहली दिनांक 24.03.2026

**// निविदा आमंत्रण सूचना //**

एतद द्वारा सर्व संबंधितो को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद रहली को निम्नलिखित सामग्री / कार्य की आवश्यकता है, इस हेतु आनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक निविदाकार निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर देख सकते है।

| क्र. | टेंडर क्र. जारी दिनांक | कार्य का नाम एवं स्थान | कार्य की समयाविध एवं अनु. लागत | निविदा प्रपत्र एवं अमानत राषि | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_UAD_494024_1 25-03-2026 | निर्माण सामग्री सप्लाई कार्य | 1-1 वर्ष 2-38.00 लाख | 1-5000.00 2-28500.00 | 27-04-2026 |
| 2 | 2026_UAD_494025_1 25-03-2026 | जल प्रदाय सामग्री सप्लाई कार्य | 1-1 वर्ष 2-38.00 लाख | 1-5000.00 2-28500.00 | 27-04-2026 |
| 3 | 2026_UAD_494026_1 25-03-2026 | मोटर पंप सुधार सामग्री मय सुधार कार्य | 1-1 वर्ष 2-25.00 लाख | 1-5000.00 2-19000.00 | 27-04-2026 |
| 4 | 2026_UAD_494027_1 25-03-2026 | स्टेशनरी एवं अन्य सप्लाई कार्य | 1-1 वर्ष 2-25.00 लाख | 1-5000.00 2-19000.00 | 27-04-2026 |
| 5 | 2026_UAD_494028_1 25-03-2026 | विद्युत सामग्री सप्लाई कार्य | 1-1 वर्ष 2-38.00 लाख | 1-5000.00 2-28500.00 | 27-04-2026 |
| 6 | 2026_UAD_494029_1 25-03-2026 | सफाई एवं कीटनाशक सामग्री सप्लाई कार्य | 1-1 वर्ष 2-35.00 लाख | 1-5000.00 2-26500.00 | 27-04-2026 |
| 7 | 2026_UAD_494030_1 25-03-2026 | विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन हेतु किराये पर टेंट सामग्री सप्लाई कार्य | 1-1 वर्ष 2-35.00 लाख | 1-5000.00 2-26500.00 | 27-04-2026 |
| 8 | 2026_UAD_494031_1 25-03-2026 | विभिन्न प्रजातियों के पौधे, कारपेट घास तथा अन्य पार्क उपकरण एवं सामग्री सप्लाई कार्य | 1-1 वर्ष 2- 35.00 लाख | 1-5000.00 2-26500.00 | 27-04-2026 |
| 9 | 2026_UAD_494032_1 25-03-2026 | विभिन्न कार्यकमो, बैठको हेतु स्वल्पाहार / भोजन सप्लाई कार्य | 1-1 वर्ष 2-10.00 लाख | 1-2000.00 2-10000.00 | 27-04-2026 |
| 10 | 2026_UAD_494033_1 25-03-2026 | जल शुद्धिकरण सामग्री सप्लाई कार्य | 1-1 वर्ष 2-25.00 लाख | 1-5000.00 2-19000.00 | 27-04-2026 |
| 11 | 2026_UAD_494034_1 25-03-2026 | वाहन सुधार सामग्री मय सुधार कार्य | 1-1 वर्ष 2-15.00 लाख | 1-2000.00 2-12000.00 | 27-04-2026 |
| 12 | 2026_UAD_494035_1 25-03-2026 | ठोस कचरा प्रबंधन गतिविधियों को संचालित करने एवं शहर को कचरा मुक्त बनाने जागरूकता हेतु ऐजेंसी नियुक्ति हेतु दर आमंत्रण | 1-1 वर्ष 2-15.00 लाख | 1- 2000.00 2-12000.00 | 27-04-2026 |

नोटः- निविदा में किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाइन www.mptenders.gov.in की बेवसाइट पर ही प्रकाशित किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नही किया जावेगा।

(देवराज सोनी)
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद रहली जिला सागर

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद रहली
जिला सागर


भारतीय शैली कुश्ती संघ की बैठक संपन्नः 7 अप्रैल को होगी जिला कार्यकारिणी की घोषणा

# पारंपरिक कुश्ती का संरक्षण और खिलाड़ियों को राष्ट्रीय मंच दिलाना ही हमारा मुख्य संकल्प : कपिल मलैया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

भारतीय शैली कुश्ती संघ जिला सागर की एक महत्वपूर्ण बैठक तिलकगंज स्थित मैजेस्टिक प्लाजा में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता संघ के प्रदेश अध्यक्ष कपिल मलैया ने की। इस अवसर पर प्रदेश महासचिव अर्जुन यादव एवं जबलपुर से पधारे सुरेश विश्वकर्मा विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष कपिल मलैया ने भारतीय पारंपरिक कुश्ती के संरक्षण और संवर्धन पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि संघ का मुख्य उद्देश्य कुश्ती से जुड़े प्रतिभावान खिलाड़ियों को उचित मंच प्रदान करना और उन्हें राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करना है। उन्होंने जिले में कुश्ती की अधोसंरचना को मजबूत करने की बात कही। प्रदेश महासचिव अर्जुन यादव ने संगठन की मजबूती पर बल देते हुए कहा कि कुश्ती हमारी सांस्कृतिक विरासत है और इसे ग्रामीण अंचलों तक पहुंचाना अनिवार्य है ताकि अंतिम छोर के खिलाड़ी को भी इसका लाभ मिल सके।



संगठन के विस्तार की जानकारी देते हुए प्रदेश सहसचिव कौशल सोनी पहलवान ने बताया कि आगामी 7 अप्रैल को सागर जिले की नवीन एवं संपूर्ण जिला कार्यकारिणी की आधिकारिक घोषणा की जाएगी।

संगठन की आगामी कार्ययोजना पर प्रकाश डालते हुए जिला सचिव अभिमन्यु पहलवान ने बताया कि 21 अप्रैल को एक विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित होगी। उन्होंने कहा कि संघ की गतिविधियों को गति देने के लिए अब से प्रति माह जिला कार्यकारिणी की नियमित बैठकें आयोजित की जाएंगी, जिससे खिलाड़ियों की समस्याओं का निराकरण हो सके। इस अवसर पर कुश्ती जगत से जुड़े अनेक गणमान्य सदस्य एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे, जिनमें मुख्य रूप से विनय पहलवान, अभिषेक साहू, शिवाजी राय, इंद्रपाल सिंह, निखिल मिश्रा एवं बीना से आए शैलेंद्र यादव शामिल थे।

## खबर संक्षेप

### झरकौन में दबंगों ने महिला और पुत्रों पर पत्थर-गुम्मा बरसाए

**ललितपुर।** कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम झरकौन में एक ही परिवार पर एक ही दिन दो बार खौफनाक हमला हुआ है। मुहल्ले के तीन दबंगों ने पहले शाम 6 बजे महिला को गाली-गलौज कर मारपीट की, फिर रात 11 बजे वापस लौटकर पत्थर-गुम्मा बरसाकर जान से मारने की धमकी दी। महिला के दोनों बेटों ने बचाव किया तो उन्हें भी बुरी तरह पीटा गया। बड़े बेटे के पैर में चोट आई, महिला को अंदरूनी चोटें आईं। शिकायतकर्ता ग्राम झरकौन निवासी विध्या देवी पत्नी गोपाल ने पुलिस अधीक्षक को लिखित तहरीर दी जिसमें पूरे घटनाक्रम का जिक्र है। 17 मार्च 2026 को शाम करीब 6 बजे विध्या देवी अपने घर पर थीं। तभी मुहल्ले के अजय पुत्र चालीराजा, चालीराजा पुत्र सोवरन और जयकुंवर पत्नी चालीराजा उनके घर पहुंचे। बिना किसी वजह के गाली-गलौज शुरू कर दी। जब विध्या देवी ने विरोध किया तो तीनों ने उन पर और उनके परिजनों पर हमला बोल दिया। दोनों बेटों ने बीच-बचाव किया तो उन्हें भी गाली-मारपीट का शिकार बनाया गया। पत्थर मारे गए, जिससे बड़े बेटे के पैर में चोट आई और विध्या देवी को अंदरूनी चोटें आईं। आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### ट्रैक्टर पर हमला लाठियों-डंडों से पीटा

**ललितपुर।** बानपुर थाना क्षेत्र के ग्राम कैलगुवां में रात करीब 11 बजे एक खतरनाक घटना ने पूरे इलाके में सनसनी मचा दी है। ट्रैक्टर से गेहूं की फसल थ्रेशर करने जा रहे युवक रामगनेश पर तीन दबंगों ने अचानक हमला बोल दिया। लाठियां, घूंसे, लातें बरसाईं, बुरी-बुरी गालियां दीं और जान से मारने की धमकी देकर पीछा किया। हमलावरों में एक हिस्ट्रीशीटर भू-माफिया और गैंगस्टर भी शामिल है, जिसे पहले सजा हो चुकी है। ग्राम कैलगुवां निवासी रामगनेश पुत्र कमल प्रजापति ने तहरीर में बताया कि 18 मार्च 2026 को रात 11 बजे वह अपने ट्रैक्टर से राजाराम पुत्र दयाली कुशवाह की गेहूं की फसल थ्रेशर करने जा रहे थे। मुक्तिधाम के पास रामनिवास के खेत के समीप सामने से राकेश पुत्र सरमन यादव का पावर ट्रैक ट्रैक्टर आ रहा था। जब रामगनेश ने साइड देने को कहा तो ट्रैक्टर से उतरकर सतेन्द्र उर्फ लल्ला पुत्र राकेश, नीरज पुत्र राकेश और राकेश पुत्र सरमन ने पहले राजाराम के बेटे सुरेन्द्र को मारना शुरू कर दिया। रामगनेश बचाने उतरे तो तीनों ने उन पर टूट पड़े। बुरी गालियां दीं, लात-घूंसे और डंडों से बुरी तरह पीटा। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### दबंगों ने पानी के पाइप पत्थर मारकर तोड़े

**ललितपुर।** बानपुर थाना क्षेत्र के ग्राम सुनवाहा में एक 75 वर्षीय बुजुर्ग किसान के खेत पर दो दबंगों ने पत्थर बरसाकर पानी वाले बोर के प्लास्टिक पाइप क्षतिग्रस्त कर दिए। मना करने पर गाली-गलौज की और जान से मारने की खुली धमकी देकर मौके से भाग गए। यह घटना शनिवार 21 मार्च को शाम 4 बजे हुई, जिसकी रविवार को दर्ज की गई। ग्राम सुनवाहा निवासी लक्ष्मन पुत्र दलीप लोधी ने पुलिस को बताया कि वह अपने खेत पर भतीजों लखन, भीकम और राहुल के साथ मौजूद थे।

### पंचायत घोटाला: जांच में आरोप सिद्ध हुए , फिर भी कार्रवाई ठंडे बस्ते में


# फर्जी मस्टर रोल, बिना काम भुगतान लाखों की राशि में गड़बड़ी, गंभीर आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

जनपद पंचायत टीकमगढ़ की ग्राम पंचायत उमरी में भ्रष्टाचार का बड़ा मामला सामने आया है, जहां रोजगार सहायक गोबिंद सिँह पर शासकीय योजनाओं में फर्जीवाड़ा, बिना काम भुगतान निकालने और लाखों रुपए की राशि में गड़बड़ी के आरोप जांच में सही पाए गए हैं। इसके बाद भी अब तक संबंधित के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं होना प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर रहा है। उक्त आरोप व जाँच की मांग ऊमरी पंचायत सरपंच जगदीश सिँह ने की थी। हालांकि उक्त आरोपों को लेकर ज़ब रोजगार सहायक गोबिंद सिँह से संपर्क साधा गया तो उनसे संपर्क नहीं हो पाया।

### टीम गठित हुई, दस्तावेज मांगे लेकिन रोजगार सहायक ने नहीं दिए दस्तावेज

दस्तावेजों के अनुसार ग्राम पंचायत उमरी में मनरेगा सहित विभिन्न निर्माण कार्यों में भारी अनियमितताएं पाई गईं। शिकायत के बाद जनपद पंचायत सीईओ द्वारा 3 सदस्यीय


कार्यालय जनपद पंचायत टीकमगढ़ जिला टीकमगढ़ (म.प्र.)
(महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम-2005)
क्रमांक/मनरेगा/2025/ 3351 टीकमगढ़ दिनांक ..14../10/25
प्रति,
1. श्री एस.के.अग्रवाल, सहायक यंत्री, मनरेगा
2. श्री चन्द्रभान अनुरागी, उपयंत्री
3. श्री कैलाश प्रजापति, पीसीओ
जनपद पंचायत टीकमगढ़
विषय :- रोजगार सहायक ग्राम पंचायत ऊमरी के भ्रष्टाचार एवं नियम विरुद्ध कार्यों की जाँचकर कार्यवाही करने बावत।
श्री जगदीश सिंह चौहान निवासी ऊमरी द्वारा ग्राम पंचायत ऊमरी में पदस्थ ग्राम रोजगार सहायक श्री गोविन्द सिंह द्वारा मनरेगा के कार्यों में निरंतर भ्रष्टाचार एवं अनियमितता के संबंध में शिकायत की गई है –
1. डबरी निर्माण कार्य 2025-26 में कार्यों की संख्या - 9 निगत राशि 89901/- रुपये मौके पर उपलब्ध नहीं।
2. खेत तालाब निर्माण कार्य 2025-26 में कार्यों की संख्या - 9 निर्मत राशि 5-6 लाख रुपये उन्हीं कार्यों का पूर्व में भी भुगतान हो चुका है एवं गतवर्ष भी चल रहा है।
3. खेत तालाब निर्माण कार्य जगदीश सिंह पूर्ण होने पर भी द्वेषवश भुगतान नहीं कर रहे हैं जो 2020-21 से वंचित हैं।
4. वसुधा अमृत वाटिका 2023-24 की राशि का गबन
5. परकुलेशन पिट निर्माण कार्य मुहार हार एवं हसरा हार 2022-23 की राशि का गबन
शिकायत पत्र मूलतः संलग्न कर लेख है कि संबंधित शिकायत की जांच 03 दिवस में कर जाँच प्रतिवेदन स्पष्ट अभिमत सहित प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें, जिससे शिकायत का निराकरण किया जा सके।
कार्यक्रम अधिकारी
एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी,
जनपद पंचायत टीकमगढ़
पृ. क्रमांक/मनरेगा /2025/ 3351 टीकमगढ़ दिनांक ..14../10/25
प्रतिलिपि,
1. कलेक्टर महोदय, जिला टीकमगढ़ की ओर सूचनार्थ सादर संप्रेषित।
2. मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत टीकमगढ़ की ओर सूचनार्थ सादर संप्रेषित।
कार्यक्रम अधिकारी
एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी,
जनपद पंचायत टीकमगढ़

जांच अधिकारी नियुक्त कर जांच कराई गई। जाँच समिति मे मनरेगा सहायक यंत्री एसके अग्रवाल, उपयंत्री चंद्रभान अनुरागी और पीसीओ कैलाश प्रजापति द्वारा की गईं जांच के दौरान संबंधित रोजगार सहायक गोबिंद सिँह से निर्माण कार्यों के दस्तावेज, माप पुस्तिका और भुगतान संबंधी रिकॉर्ड मांगे गए, लेकिन निर्धारित समय तक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए गए और न ही अपना पक्ष रखा गया।

**जाँच मे सिद्ध हुए आरोप लेकिन कागजो मे रहस्यमई तरीके से दबी कार्यवाही** जांच प्रतिवेदन में स्पष्ट उल्लेख किया गया कि शिकायत के बिंदु सही पाए गए हैं और संबंधित रोजगार सहायक गोबिंद सिँह के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की जानी उचित है। इसके बाद भी कार्रवाई नहीं होना कई सवाल खड़े कर रहा है।

**शासकीय राशि का दुरूपयोग व वित्तीय अनियमितता जैसे गंभीर आरोप** सरपंच द्वारा दिए गये आवेदन के अनुसार पंचायत में डबरी निर्माण, खेत तालाब, नाला निर्माण, वृक्षारोपण और परकुलेशन पिट जैसे कार्यों में पूर्व में भुगतान होने के बाद भी दोबारा राशि निकाली गई, वहीं कुछ कार्यों का भुगतान वर्षों से लंबित बताया गया है। यह सीधे तौर पर शासकीय राशि के दुरुपयोग और वित्तीय अनियमितता का मामला माना जा रहा है।

**जनपद क्षेत्र मे यह मामला बना चर्चा का बिषय** अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब जांच में गड़बड़ी सामने आ गई और कार्रवाई की अनुशंसा भी हो गई, तो फिर कार्रवाई क्यों नहीं हो रही? जिम्मेदारों को बचाया जा रहा है या मामला दबाया जा रहा है?

यह मामला अब पूरे जनपद क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। कि ज़ब आरोप सिद्ध हो चुके है, फिर भी कार्यवाही करने मे लापरवाही क्यों की जा रही।

**जांच में सामने आई ये गड़बड़ीयाँ** तीन सदस्यीये जाँच कमेटी द्वारा की गईं जाँच मे जो गड़बड़ी सामने आई है उनमे फर्जी मस्टर रोल डालकर राशि निकालना, बिना काम कराए भुगतान निकालना, निर्माण कार्यों की राशि का गबन, पूर्व में भुगतान के बाद दोबारा भुगतान, दस्तावेज और माप पुस्तिका प्रस्तुत नहीं किया जाना शामिल है। जाँच टीम ने अपनी रिपोर्ट भी बरिष्ठ अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कर ये अनुशंसा भी की गईं है कि कार्यवाही किया जाना आवश्यक है। लेकिन इसके बाद कोई कार्यवाही नही की गईं और उक्त जांच रिपोर्ट फाइल को दबाकर रख दिया गया।

#### इनका कहना है

इस मामले मे आगे की कार्रवाई जरी है। कोई ढील नहीं दी जा रही।
**मनीष शेंडे,** सीईओ जनपद पंचायत टीकमगढ़*

## मंदिर निरीक्षण दौरान जर्जर छत देख भड़के कलेक्टर,



हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने स्थानीय नजरबाग स्थित रामराजा मंदिर का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का गहन जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मंदिर परिसर की साफ-सफाई, सुरक्षा व्यवस्था और श्रद्धालुओं को मिल रही सुविधाओं का बारीकी से अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर की नजर ज़ब मंदिर की जीर्ण-शीर्ण हो चुकी छत पर पड़ी, तब उन्होंने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए तत्काल मरम्मत कराने के सख्त निर्देश दिए, ताकि भविष्य में किसी प्रकार की दुर्घटना न हो सके। और प्राचीन मंदिर को संजोया जा सके।

कलेक्टर श्रोत्रिय ने मौके पर मौजूद अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं दुरुस्त रखी जाएं। उन्होंने मंदिर परिसर में नियमित साफ-सफाई, पेयजल की समुचित व्यवस्था और भीड़ प्रबंधन पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्रोत्रिय ने कहा कि धार्मिक स्थलों पर स्वच्छ और व्यवस्थित वातावरण बनाए रखना प्रशासन की प्राथमिकता है और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उक्त निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्रोत्रिय ने अधिकारियों को नियमित मॉनिटरिंग करने और आवश्यक सुधार कार्य शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए। इस मौके पर नगर पालिका सीएमओ ओमपाल सिँह भदौरिया, नगर पालिका अध्यक्ष पप्पू मलिक, इंजीनियर विजय विश्वकर्मा, समाजसेवी शैलेन्द्र

### रामराजा मंदिर की ऐतिहासिक भव्यता को बनाये रखने मे कलेक्टर कर रहे प्रयास*

उल्लेखनीय है कि हाल ही में जिला प्रशासन और कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय द्वारा नजरवाग रामराजा मंदिर मंदिर के जीर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण के लिए विशेष योजनाएं बनाई गई हैं ताकि इसकी ऐतिहासिक भव्यता को सुरक्षित रखा जा सके। ओरछा रामराजा सरकार मंदिर की तर्ज पर बना नजरबाग रामराजा मंदिर बुंदेलखंड की स्थापत्य कला और धार्मिक आस्था का एक प्रमुख केंद्र है। इसे नजरबाग नाम से पहचान इसलिये मिली क्योंकि राजशाही दौर मे किले से नजर आने के उद्देश्य को ध्यान मे रखते हुए इसे बनाया गया गया था। अक्सर लोग इसे ओरछा के प्रसिद्ध राम राजा मंदिर से जोड़कर देखते हैं, क्योंकि दोनों का इतिहास और परंपराएं आपस में जुड़ी हुई हैं। यह मंदिर लगभग 200 साल पुराना है। इसका निर्माण टीकमगढ़ के तत्कालीन बुंदेला शासकों द्वारा कराया गया था। यह मंदिर अपनी आकर्षक डिजाइन और बारीक नक्काशी के लिए जाना जाता है। इसमें बुंदेला और राजपूत स्थापत्य शैली का सुंदर मिश्रण देखने को मिलता है। मंदिर का स्वरूप एक राजमहल जैसा प्रतीत होता है। यह मंदिर मूल रूप से भगवान राम और माता जानकी को समर्पित है। यहाँ भगवान राम को एक राजा के रूप में भी सम्मान दिया जाता है।

### चुरावनी में दुकान पर मारपीट

**ललितपुर।** तालबेहट थाना क्षेत्र के ग्राम चुरावनी में एक दुकानदार के परिवार पर बुरी तरह टूट पड़ा। उधार मांगने पर मना करने के बाद आरोपी ने दुकानदार की पत्नी को गाली दी, फिर पति पर हमला बोल दिया और चिल्लाते हुए कहा कि पुलिस में शिकायत की तो पूरे परिवार को जान से खत्म कर देंगे। आसपास के लोगों के पहुंचने पर ही आरोपी भागा। ग्राम चुरावनी निवासी नीरज पुत्र रमेश राजपूत ने बताया कि 22 मार्च को शाम करीब 5.30 बजे नीरज राजपूत की पत्नी रानी दुकान पर बैठी थीं। तभी गांव का ही जगदीश राजपूत पुत्र रखुवा राजपूत आया और उधार में सामान मांगा। जब रानी ने मना कर दिया तो जगदीश ने गाली-गलौज शुरू कर दी। नीरज राजपूत दुकान पर पहुंचे तो आरोपी ने उन्हें भी बुरी तरह गाली दी और मारपीट कर दी। परिवार के चिल्लाने पर आसपास के लोग इक_I हो गए तो जगदीश ने धमकी देते हुए कहा कि पुलिस में शिकायत की तो पूरे परिवार को जान से खत्म कर दूंगा और भाग गया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### घर में घुसकर मारपीट व तोड़फोड़ का आरोप, पीड़ित ने थाने में दी तहरीर

ललितपुर।जाखलौन थाना क्षेत्र के एक गांव में घर में घुसकर मारपीट और तोड़फ़ोड़ करने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने नामजद आरोपियों के खिलाफ थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम जाखलौन निवासी रिषभ साहू ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 23 मार्च की रात करीब 10.30 बजे कुछ लोग उसके घर के बाहर पहुंचे और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने घर में घुसकर उसके साथ मारपीट की और तोड़फ़ोड़ भी की। पीड़ित ने आरोप लगाया कि हमलावर अपने साथ अवैध हथियार भी लिए हुए थे और जान से मारने की धमकी दे रहे थे। घटना के दौरान आसपास अफरा-तफरी का माहौल बन गया। आरोपियों द्वारा मौके से भागने के दौरान दो वाहनों का भी इस्तेमाल किए जाने की बात कही गई है। पीड़ित का कहना है कि घटना के बाद वह काफी भयभीत है और उसके परिवार को भी जान-माल का खतरा बना हुआ है। उसने पुलिस से आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने और सुरक्षा उपलब्ध कराने की मांग की है।

### एसपी के प्रयासों से उपलब्धि मिली

## सीएम हेल्पलाइन में लगातार पांचवीं बार प्रदेश में नंबर वन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

जिला पुलिस ने पुलिस अधीक्षक मनोहर सिँह मंडलोई के नेतृत्व मे एक बार फिर उत्कृष्ट कार्यशैली का परिचय देते हुए सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों के त्वरित और प्रभावी निराकरण के आधार पर फरवरी माह की राज्य स्तरीय रैंकिंग में लगातार पाँचवीं बार प्रथम स्थान हासिल किया है। यह उपलब्धि जिले के लिए गर्व का विषय मानी जा रही है।

पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के नेतृत्व में सीएम हेल्पलाइन शिकायतों की लगातार मॉनिटरिंग की गई। उनके द्वारा प्रतिदिन समीक्षा कर सभी थाना प्रभारियों को शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निराकरण के निर्देश दिए गए। परिणामस्वरूप पुलिस बल की सतत मेहनत, अनुशासन और जिम्मेदारीपूर्ण कार्यशैली के चलते यह ऐतिहासिक सफलता प्राप्त हुई। इस उपलब्धि के उपलक्ष्य में मार्च माह में पुलिस अधीक्षक कार्यालय में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों की उपस्थिति में केक काटकर इस सफलता का जश्न मनाया गया। साथ ही सभी थाना एवं चौकी स्तर पर भी पुलिस बल, जनप्रतिनिधियों और नागरिकों के साथ इस उपलब्धि को उत्साहपूर्वक मनाने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने कहा कि यह उपलब्धि पुलिस टीम की मेहनत, अनुशासन और जनता के प्रति जिम्मेदारी का परिणाम है। जिला पुलिस ने प्रदेश में एक मिसाल कायम की है, जिसे आगे भी बनाए रखने का प्रयास जारी रहेगा। उन्होंने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को बधाई देते हुए भविष्य में भी इसी समर्पण और प्रतिबद्धता के साथ कार्य करने की अपेक्षा व्यक्त की।

लगातार पाँचवीं बार प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त करना टीकमगढ़ पुलिस की कार्यप्रणाली, शिकायत निवारण प्रणाली और जनसुनवाई व्यवस्था की प्रभावशीलता को दर्शाता है, जिससे आम नागरिकों की समस्याओं का समाधान तेजी से हो रहा है और पुलिस के प्रति जनता का विश्वास भी मजबूत हुआ है।





### आदिवासी बस्ती में बांटी खुशियां

## दीदी, आपका ही था इंतजार, बच्चों की बात सुन भावुक हुई महिला सेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

नवदुर्गा के पावन अवसर पर पुलिस की महिला सेल टीम ने संवेदनशीलता और सामाजिक सरोकार का अनूठा उदाहरण प्रस्तुत किया। पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के निर्देशन में 25 मार्च को महिला सेल की टीम ग्राम मोहनपुरा की आदिवासी बस्ती पहुंची, जहां बच्चों और उनके अभिभावकों से आत्मीय संवाद स्थापित कर शिक्षा के महत्व के बारे में जागरूक किया गया।

महिला सेल की टीम ने अभिभावकों को समझाया कि बच्चों का भविष्य शिक्षा से ही उज्ज्वल बन सकता है, इसलिए सभी अपने बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजें। इस दौरान पुलिस टीम ने बच्चों के प्रति स्नेह व्यक्त करते हुए उन्हें स्कूल उपयोगी पानी की बोतल और फल वितरित किए, जिससे बच्चों के चेहरों पर खुशी साफ नजर आई। कार्यक्रम का सबसे भावुक क्षण उस समय आया जब बच्चों ने मासूमियत से महिला पुलिस टीम से कहा कि दीदी, हम आपका काफी समय से इंतजार कर रहे थे, आपके आने से बहुत अच्छा लगता है। बच्चों की उक्त बात सुनकर महिला सेल की टीम भी भावुक हो उठी और बच्चों के प्रति अपने दायित्व को और अधिक संवेदनशीलता से निभाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर महिला सेल प्रभारी प्रधान आरक्षक रानू विश्वकर्मा, महिला आरक्षक कीर्ति बुंदेला एवं मानसी तिवारी उपस्थित रहीं। मौके पर मौजूद बस्ती वासियों ने कहा कि पुलिस की यह पहल न केवल सामाजिक उत्तरदायित्व का उदाहरण है, बल्कि पुलिस और समाज के बीच विश्वास, संवेदनशीलता और सहयोग की मजबूत कड़ी को भी दर्शाती है।

### लुटेरी दुल्हन मामले मे दो आरोपी गिरफ्तार

## लाखों की ठगी का था मामला अन्य आरोपियों की तलाश जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़




जिले के पलेरा थाना क्षेत्र में शादी के नाम पर धोखाधड़ी करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है, जिसमें पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि गिरोह के अन्य सदस्य अभी फरार बताए जा रहे हैं।

पुलिस के अनुसार आरोपियों ने शादी करवाने के नाम पर युवक से लाखों रुपये ठगे और शादी के कुछ दिन बाद ही दुल्हन जेवर लेकर फरार हो गई। जतारा एसडीओपी अभिषेक गौतम ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में नरेंद्र यादव पिता अनंदी यादव और छोटू पाल उर्फ छोटेलाल पाल निवासी ग्राम जरुआ, थाना लिधौरा शामिल हैं। पुलिस ने दोनों आरोपियों के पास से 10--10 हजार रुपये नकद और एक-एक मोबाइल फोन जब्त किया है। पुलिस के अनुसार आरोपियों ने बिहार निवासी फक्कड़ केवट के साथ मिलकर 21 फरवरी को पलेरा में पुरुषोत्तम जायसवाल 26 वर्ष की शादी संध्या कुमारी चौधरी निवासी सासाराम कराई थी। इस शादी को कराने के एवज में आरोपियों ने उक्त युवक से कुल 1 लाख 20 हजार रुपये लिए थे। शादी के बाद कुछ दिन तक तो सब कुछ सामान्य रहा, लेकिन 19 मार्च को दुल्हन संध्या कुमारी शौचालय जाने का बहाना बनाकर घर से फरार हो गई। वह अपने साथ सोने-चांदी के आभूषण और अन्य कीमती सामान भी ले गई। पीड़ित पुरुषोत्तम जायसवाल ने परिजनों के साथ मिलकर अपनी दुल्हन की काफी खोजबीन की, लेकिन जब दुल्हन का कोई पता नहीं चला तो मामले की शिकायत पलेरा थाने में दर्ज कराई गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच प्रारंभ की। जांच के दौरान गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया, जबकि अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। पुलिस का कहना है कि यह एक संगठित गिरोह हो सकता है, जो शादी के नाम पर ठगी की वारदातों को अंजाम देता है। इस मामले मे गहराई से जांच कर हकीकत का पता लगाया जा रहा है। और अगर यह संगठित गिरोह निकला तो गिरोह के सभी सदस्यों को गिरफ्तार करने तक कार्यवाही की जाएगी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और फरार आरोपियों की तलाश के लिए टीम गठित की गई है।

### सिर पर ईंट से प्रहार कर धमकाया, एफआईआर दर्ज

**ललितपुर।** कोतवाली थाना क्षेत्र के मोहल्ला आजादपुरा में रात करीब 10.30 बजे एक खौफनाक घटना ने इलाके में सनसनी फैला दी है। 18 वर्षीय युवक मनोज आटा चक्की के पास आजादपुरा निवासी शुभ पुत्र पंकज रजक पर उसके मुहल्ले के ही करण ने गाली-गलौज करते हुए ईंट से सिर पर जोरदार वार कर दिया और जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। शिकायतकर्ता शुभ ने लिखित तहरीर में बताया कि घटना 22 मार्च को रात 10.30 बजे हुई।

### दूसरी बार प्रदेश स्तर पर जिले का नाम रोशन किया

## आराध्या बनी इंग्लिश ओलंपियाड स्टेट चैंपियन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पलेरा

राज्य शिक्षा केन्द्र, लीफ फॉर वर्ड एवं निहार शांति फन पाठशाला फाउंडेशन द्वारा ग्वालियर में आयोजित दो दिवसीय राज्य स्तरीय इंग्लिश ओलम्पियाड वर्ड पावर चैम्पियनशिप में टीकमगढ़ जिले से पलेरा की छात्रा आराध्या अनिल मिश्रा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्टेट चैंपियनशिप अपने नाम कर जिले को गौरवान्वित किया है।

प्रतियोगिता का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष दुर्गेश कुंवर सिंह के आतिथ्य में हुआ, जिसमें प्रदेश के 52 जिलों से चयनित 208 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।




इस प्रतियोगिता के प्रारंभिक चरण में प्रदेश भर के लगभग 14 लाख 22 हजार छात्र-छात्राओं ने भाग लिया था, जिनमें से चयनित होकर 208 प्रतिभागी राज्य स्तर तक पहुंचे। पलेरा के सांदीपनि विद्यालय की कक्षा 3 की छात्रा आराध्या मिश्रा ने सेमीफाइनल में टीकमगढ़ जिले का प्रतिनिधित्व करते हुए अपने प्रवर्ग के तीनों राउंड प्रनन्सीएशन, हाई स्पेलिंग और मीनिंग राउंड आदि में शानदार प्रदर्शन कर प्रथम स्थान प्राप्त किया और छह फाइनलिस्ट में जगह बनाकर फाइनल में प्रवेश किया। स्टेट फाइनल के महा मुकाबले में आराध्या मिश्रा ने पहले राउंड में पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए इंग्लिश ओलम्पियाड की चैम्पियनशिप अपने नाम कर ली। जहां आराध्या को स्टेट चैम्पियन की ट्रॉफी, मेडल, सर्टिफिकेट एवं उपहार देकर सम्मानित किया गया। मार्गदर्शक शिक्षक एवं अभिभावक अनिल मिश्रा को भी सहायक संचालक साक्षी जैन द्वारा मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। जिले की उभरती प्रतिभा आराध्या मिश्रा ने लगातार दूसरी बार प्रदेश स्तर पर अपनी पहचान बनाते हुए ओलम्पियाड चैम्पियनशिप जीतकर जिले का नाम रोशन किया है। आराध्या की इस उपलब्धि पर शिक्षा विभाग के अधिकारियों, शिक्षकों और नागरिकों ने बधाई दी।

पार्षदो ने सामूहिक इस्तीफा की चेतावनी दी, 15 दिन का अल्टीमेटम

## कारी नगर परिषद में अध्यक्ष, सीएमओ पर भ्रष्टाचार व कमीशनखोरी का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

कारी नगर परिषद में कथित भ्रष्टाचार, मनमानी और विकास कार्यों में अनियमितताओं को लेकर नगर परिषद के पार्षदों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर 15 दिन का अल्टीमेटम दिया है। पार्षदों ने चेतावनी दी है कि यदि निर्धारित समय में जांच और कार्यवाही नहीं हुई तो सभी पार्षद सामूहिक रूप से इस्तीफा दे देंगे।

ज्ञापन में पार्षदों ने आरोप लगाया है कि नगर परिषद अध्यक्ष और तत्कालीन सीएमओ की मनमानी के कारण पिछले चार वर्षों से कई वार्डों में कोई विकास कार्य नहीं कराया गया। परिषद की लगभग नौ माह से बैठक भी नहीं बुलाई गई, जिससे परिषद का कामकाज प्रभावित हो रहा है और पार्षदों को निर्णय प्रक्रिया से दूर रखा जा रहा है। पार्षदों का कहना है कि परिषद में आय-व्यय



का लेखा-जोखा भी नहीं बताया जाता और आरटीआई के तहत मांगी गई जानकारी देने में भी गुमराह किया जाता है। पार्षदों ने समतलीकरण कार्य में भारी वित्तीय अनियमितता का आरोप लगाते हुए बताया कि मुरम डालने के कार्य में लगभग 5 लाख रुपये खर्च हुए, लेकिन लगभग 40 लाख रुपये का भुगतान कर दिया गया। इसी तरह दीप सागर तालाब से पाखरी तक बनाई गई सीसी सड़क को गुणवत्ताहीन बताते हुए कहा गया कि सड़क की शिकायत कलेक्टर कार्यालय में कई बार की गई, इसके बावजूद संबंधित एजेंसी को भुगतान कर दिया गया और अब सड़क उखड़ चुकी है। ज्ञापन में यह भी आरोप लगाया गया है कि नगर परिषद अध्यक्ष ने अपने वार्ड में पहले से बनी सीसी सड़क पर दोबारा सीसी सड़क बनवा दी, जबकि वार्ड नंबर 04 आदिवासी वार्ड सहित कई वार्डों में अभी तक सीसी सड़क और नालियों का निर्माण नहीं हुआ है। पार्षदों ने कहा कि वार्ड नंबर 8 सहित कई वार्डों में कचरे के ढेर लगे हैं, जिससे साफ है कि स्वच्छता कार्यों में भी अनियमितता हुई है। पार्षदों ने कलेक्टर से सभी कार्यों की निष्पक्ष जांच कर अध्यक्ष, तत्कालीन सीएमओ और संबंधित एजेंसी के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की मांग की है। साथ ही स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि 15 दिनों के भीतर जांच और कार्रवाई शुरू नहीं हुई तो नगर परिषद कारी के सभी पार्षद सामूहिक रूप से इस्तीफा दे देंगे, जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

## मई जून में होगा तेंदूपत्ते का संग्रहण, विभाग ने शुरू की तैयारियां

# 28 हजार 225 मानक बोरा तेंदूपत्ते का होगा संग्रहण, 60 हजार लोगों को मिलेगा रोजगार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर।

वनवासियों की आय के मुख्य स्त्रोत माने जाने वाले तेंदूपत्ता संग्रहण कार्य के लिए जिले के वन विभाग ने तैयारियां शुरू कर दी है। शासन ने इस बार श्योपुर जिले को 28 हजार 225 मानक बोरा तेंदूपत्ता संग्रहण करने का लक्ष्य दिया है। यह लक्ष्य गत वर्ष की तुलना में करीब 4 हजार मानक बोरा अधिक है। क्योंकि गत वर्ष 24 हजार 617 मानक बोरा का लक्ष्य मिला था और लक्ष्य की पूर्ति भी वन विभाग के द्वारा कर ली गई थी।

बता दें वर्ष 2025 में श्योपुर जिले को 24 हजार 617 मानक बोरा तेंदूपत्ता संग्रहण करने का लक्ष्य मिला था, इस लक्ष्य के मुकाबले वन विभाग के द्वारा 26674.040 मानक बोर तेंदूपत्ता संग्रहण कर लिया गया। जो कि लक्ष्य से अधिक है। विभागीय सूत्र बता रहे है कि गत वर्ष लक्ष्य से अधिक तेंदूपत्ते का संग्रहण होने के चलते इस बार शासन की ओर से श्योपुर जिले को तेंदूपत्ते संग्रहण का लक्ष्य बढाकर 28 हजार 225 मानक बोरा दिया गया है। तेंदूपत्ते का संग्रहण कार्य आगामी मई-जून में होगा। तेंदूपत्ता संग्रहण के जरिए जिले के 60 हजार से अधिक गरीब लोगों को रोजगार मिलेगा। वन विभाग ने लक्ष्य तय होने के साथ ही संग्रहण कार्य की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। विभागीय अफसर उम्मीद जता रहे है कि इस बार तेंदूपत्ता संग्रहण लक्ष्य अधिक मिला है तो इस बार रोजगार भी अधिक लोगो को मिलेगा।




### 16 समितियां करेगी संग्रहण

दरअसल, वनक्षेत्र में निवासरत लोगों की आजीविका का मुख्य साधन वनोपज ही हैं। इसमें तेंदूपत्ता भी एक मुख्य वनोपज है इसके जरिए जिले के लोगों को रोजगार मिलता है। तेंदूपत्ता संग्रहण का कार्य जिला वनोपज यूनियन 16 वन समितियों के माध्यम से कराया जाएगा। जिनमें श्योपुर, पिपरानी, नयागांव, कराहल, गोरस, पहेला, खिरखिरी, पर्तवाड़ा, सेसईपुरा, रतोदन, ओछापुरा, डोब, हीरापुर, वीरपुर, विजयपुर तथा गसवानी शामिल हैं। इन 16 समितियों में 180 फडों में तेदूपत्ता संग्रहण कार्य किया जाएगा।

### तीन ग्रामसभाएं करेगी तेंदूपत्ता संग्रहण

पिछली बार की तरह इस बार भी तेंदूपत्ते का संग्रहण वन समितियो के अलावा ग्राम सभाएं भी करेगी। इस बार तीन ग्राम पंचायतों की ग्राम सभाओ को यह जिम्मेदारी दी गई है। बताया गया है कि श्योपुर की वन समिति में संचालित सात तेंदूपत्ता फड़ में से एक फड की जिम्मेदारी ग्राम पंचायत कालीतलाई की ग्राम सभा को सौपी गई है। जबकि कराहल वन समिति के अंतर्गत दो फड़ों की जिम्मेदारी ग्राम पंचायत खोरी और बांकुरी को दी गई है।

#### फैक्ट फाइल

- 16 जिले में वनोपज समितियां
- 28225 मानक बोरा मिला है लक्ष्य
- 60 हजार से अधिक लोगो को मिलेगा रोजगार
- 180 फडों पर होगा संग्रहण का कार्य
- 03 ग्राम सभाए भी करेगी तेंदूपत्ते का संग्रहण
- 24617 मोनक बोरा पिछले साल मिला था लक्ष्य
- 26674.040 मोनक बोरा हुआ संग्रहण

#### इनका कहना..

इस साल 28 हजार 225 मानक बोरा के आसपास तेंदूपत्ता संग्रहण करने का लक्ष्य मिला है। जो कि पिछले साल की तुलना में अधिक है। इस बार भी हम संग्रहण का लक्ष्य पूरा करने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। तीन ग्राम सभाओं को तेदूपत्ता संग्रहण की जिम्मेदारी दी गई है।

**केएस रंधा**
डीएफओ, सामान्य वन मंडल श्योपुर

## चोरी के इरादे से घर में घुसे थे बदमाश, नींद से जागे परिवार के लोग तो बोल दिया हमला

# आधी रात को घर में घुसे बदमाशों ने चाकू से परिवार के 5 लोग किए घायल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

शहर के वार्ड क्रमांक 11 में रहने वाले एक दलित परिवार के घर में बीती रात को तीन बदमाश घुस गए। चोरी की नीयत से घर में घुसे तीनों बदमाशों ने घर में सो रहे लोगों की नींद खुलने पर उन पर चाकूओ से जानलेवा हमला बोल दिया। हमला करने के बाद बदमाश भाग निकले। इस हमले में दो बालिकाओं समेत पांच लोग घायल हो गए। जिनमें से दोनों बालिकाओ को हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल से प्राथमिक उपचार के बाद रैफर कर दिया गया है। कोतवाली थाना पुलिस ने इस मामले में विभिन्न धाराओ के तहत एक ज्ञात और दो अज्ञात समेत तीन आरोपियों पर मामला दर्ज करते हुए एक आरोपी को दबोच लिया है।

कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार शहर के वार्ड क्रमांक 11 कलारना बस्ती निवासी बाबूलाल 56 वर्ष पुत्र भोलाराम बैरवा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 24-25 मार्च की दरमियानी रात करीब 12:03 बजे जब परिवार के लोग गहरी नींद में सो रहे थे,तभी चोरी की नीयत से समीर निवासी ग्राम पीपल्दी, थाना देहात अपने दो अन्य साथियों के साथ उनके घर में घुस आया। घर के अंदर आहट होने पर घर के लोगों की नींद खुल गई तो तीनों आरोपियों ने ताबडतोड तरीके से परिवार के लोगों पर जान से मारने की नीयत से चाकू से हमला बोल दिया। इस हमले में फरियादी बाबूलाल समेत उसकी पत्नी कांति, दो बेटियों ममता और अर्चना व पुत्र लोकेन्द्र घायल हो गए। हमला करने के बाद तीनो आरोपी भाग गए। हमले के दौरान घायल हुए पांचो लोगो को इलाज के लिए जिला अस्पताल में दाखिल कराया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर घायल हुई ममता और अर्चना को रैफर कर दिया। क्योंकि ममता व अर्चना के गर्दन,माथे और हाथ में गहरे घाव हुए है।

### घायलों ने एक बदमाश को घर में ही दबोचा, दो भागे

बताया जा रहा है कि पीडित दलित परिवार के लोगों ने हमले के दौरान घायल होने के बाद भी अपने साहस का परिचय देते हुए एक बदमाश को घर के अंदर ही दबोच लिया। लेकिन दो बदमाश भाग निकले। पकडे गए बदमाश की पहचान समीर निवासी ग्राम पीपल्दी, थाना देहात के रूप में हुई। जिसे परिवार के लोगो ने रात को ही पुलिस के हवाले कर दिया। इस मामले में कोतवाली टीआई सत्यम सिंह गुर्जर ने बताया कि इस मामले में बाबूलाल बैरवा की रिपोर्ट समीर निवासी ग्राम पीपल्दी तथा दो अन्य आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज करते हुए विवेचना शुरू कर दी है। समीर को अरेस्ट कर लिया गया है। शेष दो आरोंपियो को भी नामजद करते हुए जल्द ही दबोच लिया जाएगा।

### आरोपियों के घरों पर चलाया जाए बुलडोजर

भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष संजय मंगल ने दलित परिवार पर घर में घुसकर किए गए हमले के मामले में सख्त कार्रवाई किए जाने के लिए सीएम डॉ मोहन यादव को पत्र भेजा है। सीएम को भेजे पत्र में भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष संजय मंगल ने कहा कि दलित परिवार के घर में रात्रि के दौरान घुसकर प्राण घातक हमला करने की यह घटना अत्यंत अमानवीय, कायरतापूर्ण एवं समाज में भय का वातावरण उत्पन्न करने वाली है। इस घटना को अंजाम देने वाले सभी अपराधियों को जल्द दबोचा जाए और उनके घरों पर बुलडोजर चलाए जाने की कार्रवाई की जाए।साथही पीडित परिवार को समुचित आर्थिक सहायता और सुरक्षा प्रदान की जाए।

# अंसारियान समाज की इज्तिमाई शादी में 22 जोड़ों के निकाह पढ़ाए

**पांडोला में आयोजित हुए सामूहिक विवाह सम्मेलन में विभिन्न जनप्रतिनिधियों ने भी की शिरकत**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

अंसारियान समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन (इज्तेमाई शादी) बुधवार को ग्राम पांडोला में आयोजित हुआ। शादी में शहर काजी अतीकुल्लाह कुरैशी के नेतृत्व में 22 जोड़ों के निकाह पढ़ाए गए। शादी समारोह में शामिल होने के लिए बड़ी संख्या में जन प्रतिनिधियों ने विवाह स्थल पर पहुंचकर वर वधुओं को आशीर्वाद दिया।

इज्तिमाई शादी कमेटी के सदर एवं सरपंच कमरुद्दीन अंसारी ने बताया कि हर साल की तरह इस साल भी इज्तिमाई शादी का आयोजन किया गया जिसमें पांडोला, श्योपुर, बड़ौदा, सवाई माधोपुर, बारां, मांगरोल इत्यादि शहरों से भी जोड़े शामिल हुए सुबह 9:00 बजे से शुरू हुआ निकाह का आयोजन दोपहर 12:00 बजे तक संपन्न हो गया था लेकिन भोजन करने और विदाई करने में दोपहर 2:00 बजे तक का समय लग गया। इस दौरान विधायक बाबू जंडेल सहित विभिन्न जनप्रतिनिधियों ने भी विवाह स्थल पर पहुंचकर वर वधुओं को आशीर्वाद दिया। नवागत अंजुमन सदर अकरम खान भी अपनी टीम के साथ शादी समारोह में पहुंचे जहां अन्य जनप्रतिनिधियों की तरह उनका भी आयोजकों द्वारा साफा बांधकर सम्मान किया गया।



### इधर बारात में बजाया डीजे तो काजी ने किया निकाह से इनकार



श्योपुर। मंगलवार को शिवपुरी से आई एक बारात का निकाह पढ़ाने से शहर काजी अतीक उल्लाह कुरैशी ने इसलिए इंकार कर दिया क्योंकि वर पक्ष के लोगों ने बारात में डीजे बजा कर नाच गाना कर दिया था। वर एवं वधु पक्ष के बुलावे पर निकाह पढ़ाने कराहल पहुंचे शहर काजी अतीकुल्लाह कुरैशी को मुस्लिम समाज के लोगों ने बताया कि जिस शादी में वह निकाह पढ़ाने आए हैं उस शादी में बारात में डीजे बजाया गया था और नाच गाना भी हुआ था चूंकि मुस्लिम समाज ने एक साल पहले जिले में डीजे बैंड बाजा बजाने पर पूरी तरह प्रतिबंध लगाया हुआ है जो लोग मुस्लिम समाज के इस सामूहिक निर्णय को मानने से इनकार करते हैं उनका निकाह भी नहीं पढ़ाया जाता है शहर काजी के द्वारा निकाह पढ़ाने से इनकार कर देने के बाद हंगामा हो गया। वधू पक्ष ने इस मामले में अपनी इज्जत के दुहाई दी और बताया कि बारात शिवपुरी शहर से आई है जिसे मुस्लिम समाज द्वारा लिए गए निर्णय की जानकारी नहीं थी इसलिए भूलवश डीजे बाजा बजा दिया गया। इसके बाद मुस्लिम समाज के सामने वर पक्ष द्वारा की गई गलती पर माफी मांगी और जुर्माना अदा किया इसके बाद ही निकाह पढ़ाया गया। जो जुर्माना लिया गया है वह बैतूल माल कमेटी में जमा कर दिया गया।



### तीन दिवसीय सम्मेलन में प्रस्तुत हुए 30 से अधिक शोध पत्र

श्योपुर। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, श्योपुर के भौतिकी विभाग द्वारा 23 से 25 मार्च तक आयोजित तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन "इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन मटेरियल, नैनोकॉम्पोजिट्स एंड कम्प्यूटेशनल फिजिक्स का आज सफलतापूर्वक समापन संपन्न हुआ। मध्यप्रदेश उच्च शिक्षा विभाग के तत्वाधान में आयोजित इंटरनेशनल कान्फ्रेंस के समापन सत्र में मुख्य अतिथि दिल्ली विश्वविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. पी. डी. सहारे एवं डॉ. एम सोमरेंद्र सिंह रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. सुरेंद्र यादव, डॉ. मनोज कुमार सिंह एवं डॉ. भारती गारवाल उपस्थित रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. ओपी शर्मा ने की। अतिथियों ने अपने संबोधन में सम्मेलन की सराहना करते हुए कहा कि श्योपुर जैसी रिमोट लोकेशन पर इस प्रकार के अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का सफल आयोजन अत्यंत चुनौतीपूर्ण कार्य है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों को नवीन शोध प्रवृत्तियों, आधुनिक तकनीकों तथा वैश्विक वैज्ञानिक दृष्टिकोण को समझने का अवसर मिलता है। तीन दिवसीय इस सम्मेलन में देश-विदेश के ख्यातिप्राप्त वैज्ञानिकों, शिक्षाविदों एवं शोधार्थियों ने भाग लिया। विभिन्न तकनीकी सत्रों में मटेरियल साइंस, नैनोकॉम्पोजिट्स तथा कम्प्यूटेशनल फिजिक्स से संबंधित शोध पत्रों का प्रस्तुतीकरण किया गया। सम्मेलन में 30 से अधिक शोधार्थियों द्वारा पोस्टर एवं ओरल माध्यम से शोध पत्र प्रस्तुत किए गए। समापन अवसर पर उत्कृष्ट शोध पत्र प्रस्तुत करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। बेस्ट ओरल प्रेजेंटेशन का पुरस्कार आईआईटी खड़गपुर में अध्ययनरत हरीशंकर सुमन को प्रदान किया गया, जबकि बेस्ट पोस्टर प्रेजेंटेशन का पुरस्कार विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन की शोधार्थी पूनम गीद को मिला। आयोजन समिति ने सभी अतिथियों, वक्ताओं, प्रतिभागियों एवं सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया। अतिथियों ने सम्मेलन के सफल आयोजन के लिए संयोजक डॉ. बीरेंद्र सिंह, महाविद्यालय प्राचार्य, समिति सदस्यों एवं समस्त महाविद्यालय परिवार को शुभकामनाएं प्रेषित कीं। कार्यक्रम का संचालन बबली मलिक द्वारा किया गया तथा अंत में धन्यवाद ज्ञापन भौतिकी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. बिपिन बिहारी शर्मा ने किया।

### सरपंचों की समस्याओं को लेकर सरपंच संघ ने दिया ज्ञापन



श्योपुर। राष्ट्रीय सरपंच संघ की प्रदेश इकाई ने बुधवार को भोपाल में प्रदेशभर की ग्राम पंचायतो में निर्वाचित सरपंचो की विभिन्न समस्याओ को लेकर अतिरिक्त मुख्य सचिव पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को सौंपा है। ज्ञापन में सरपंचों की समस्याओ का उल्लेख करते हुए उनका समाधान जल्द शासन के द्वारा किए जाने की मांग की गई है। ज्ञापन सौपे जाने के दौरान प्रदेशभर के सरपंचो के साथ श्योपुर जिले के सरपंच भी भोपाल पहुंचे थे।

# कलेक्टर ने किया आयुर्वेद औषधालयों का निरीक्षण, जिला आयुष अधिकारी को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



कलेक्टर अर्पित वर्मा ने बुधवार को आयुष विभाग अंतर्गत संचालित आयुर्वेद औषधालयों प्रेमसर एवं पाण्डोला का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान औषधालयों में आवश्यक व्यवस्थाएं एवं सुविधाएं नही होने तथा विभागीय मॉनीटरिंग की कमी पाये जाने पर जिला आयुष अधिकारी डॉ जीपी वर्मा को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए है।

कलेक्टर अर्पित वर्मा ने ग्राम प्रेमसर में आयुर्वेद औषधालय के निरीक्षण के दौरान ओपीडी रजिस्टर, दवा स्टॉक रजिस्टर तथा उपलब्ध दवाओं के भण्डारण एवं वितरण की स्थिति का जायजा लिया। उपस्थित महिला आयुर्वेद स्वास्थ्य कार्यकर्ता हीराबेटी ने बताया कि ओपीडी में नियमित रूप से रोगियों का परीक्षण किया जा रहा है तथा औषधालय में उपलब्ध दवाओं का वितरण किया जाता है। इसी प्रकार पाण्डोला स्थित औषधालय के निरीक्षण के दौरान डॉ चित्रा गुप्ता को निर्देश दिये कि ओपीडी का संचालन व्यवस्थित रूप से समय पर किया जायें तथा नियमित रूप से औषधालय की साफ-सफाई कराई जायें। निरीक्षण के उपरांत कलेक्टर अर्पित वर्मा ने जिला आयुष अधिकारी डॉ वर्मा को निर्देश दिये कि औषधालयों में पदस्थ चिकित्सकों तथा अन्य स्टॉफ की संपूर्ण जानकारी प्रस्तुत की जायें तथा स्टॉफ की कमी की पूर्ति के लिए उनके माध्यम से आयुष विभाग संचालनालय को पत्र प्रेषित किया जायें।

# पशु टीकाकरण में श्योपुर प्रदेश में अव्वल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत आयोजित पशु टीकाकरण में श्योपुर जिले ने प्रदेशभर में पहला स्थान प्राप्त किया है। यह सफलता कलेक्टर अर्पित वर्मा के कुशल निर्देशन में पशुपालन विभाग श्योपुर द्वारा अर्जित की गई है। उप संचालक पशुपालन डॉ सुभाषबाबू दौहरे ने बताया कि श्योपुर जिले में राष्ट्रीय पशुरोग नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत खुरपका-मुंहपका टीकाकरण अभियान का सफल संचालन किया गया। जिले में कुल 3,62,600 पशुओं के टीकाकरण का लक्ष्य निर्धारित किया गया था, जिसके विरुद्ध 3,52,551 पशुओं का सफल टीकाकरण किया जा चुका है, 97 प्रतिशत उपलब्धि पर श्योपुर जिले को प्रदेशभर में पहला स्थान प्राप्त हुआ है। इस सफलता में जिला प्रशासन सहित पशुपालन विभाग के अधिकारियों, पशु चिकित्सा अधिकारियों, फील्ड स्टाफ एवं संबंधित सभी



कर्मचारियों सहित पशुपालकों का सराहनीय सहयोग प्राप्त हुआ है।

## बोर्ड पैटर्न पर आयोजित हुई पांचवी और आठवी की परीक्षा में आशा अनुरूप नहीं रहा परिणाम

# स्कूल शिक्षा परीक्षा में श्योपुर फिसड्डी, 8वीं में 41 एवं 5वीं में प्रदेश में 29वें स्थान पर रहा जिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



बुधवार को स्कूल शिक्षा विभाग ने कक्षा पांचवी एवं आठवीं का रिजल्ट भी घोषित कर दिया। बोर्ड पैटर्न पर आयोजित हुई इस परीक्षा में परीक्षा परिणाम आशा अनुरूप नहीं रहने से अभिभावकों के साथ प्रशासन को भी मायूसी हुई है। बोर्ड पैटर्न पर आयोजित हुई 8वीं की परीक्षा में श्योपुर जिला प्रदेश में 41 वें जबकि 5वीं में 29वें स्थान पर रहा।

मार्च माह के शुरुआत में आयोजित हुई पांचवी एवं आठवीं बोर्ड पैटर्न की परीक्षा में जहां कक्षा आठवीं में 11757 परीक्षार्थियों ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर पहुंचकर परीक्षा दी थी जिसमें से 10854 परीक्षार्थी पास हुए। जो प्रदेश में जिला वाइज निकाली गई रैंकिंग में 41 वें स्थान पर है। उधर कक्षा 5वी की बोर्ड पैटर्न पर आयोजित परीक्षा में 63346 परीक्षार्थी परीक्षा में बैठे जिनमें से 15661 में पास हुए प्रदेश स्तर पर जिले को इस परीक्षा में 29 वा स्थान हासिल किया देखा जाए तो यह आठवीं के मुकाबले 32 वें स्थान की रैंकिंग संतोष जनक है लेकिन जरूरी बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम के तहत प्राथमिक स्तर की पढ़ाई में फेल किए जाने की पॉलिसी में नरमी बरते जाने के कारण इस रिजल्ट को संतोषजनक नहीं माना जाएगा जो परीक्षार्थी पास नहीं हो सके उन्हें एक अवसर ओर दिया जाएगा।

### कलेक्टर की मेहनत पर पानी फेरा अधीनस्थों ने

माध्यमिक शिक्षा मंडल की बोर्ड परीक्षा (10वीं एवं 12वीं) के अलावा स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित कराई जाने वाली पांचवी और आठवीं बोर्ड पैटर्न की परीक्षा में सुधार लाने के उद्देश्य से कलेक्टर अर्पित वर्मा ने विशेष प्रयास किए थे जिन स्कूलों में शिक्षक गाहेबगाहे जा रहे थे उन पर ताबड़तोड़ कार्रवाई कर उन्हें स्कूल जाना सिखाया और गहन निरीक्षण कर शैक्षणिक गुणवत्ता बढ़ाने के भरसक प्रयास किए गए। इस दौरान जिले के सभी अधिकारियों को स्कूलों के निरीक्षण में लगाया गया हालांकि इसके सकारात्मक परिणाम जरूर आए लेकिन जिले की स्थिति इतनी अधिक खराब थी कि कलेक्टर के यह प्रयास उन उम्मीदों पर खरे नहीं उतरे जिसकी उम्मीद उन्होंने लगाई थी। कलेक्टर के इस प्रयासों को भी उनके अधीनस्थ (शिक्षा विभाग के अधिकारी कर्मचारी) ने पानी फेरने का काम किया।

### फेल हुए परीक्षार्थियों मिलेगी विशेष कोचिंग

मध्यप्रदेश सहित श्योपुर में भी 5वीं-8वीं की बोर्ड परीक्षाओं में फेल होने वाले विद्यार्थियों को अब रिमेडियल टीचिंग के बाद 45 से 60 दिनों के भीतर पूरक परीक्षा का एक और मौका मिलेगा। नो डिटेंशन पॉलिसी खत्म होने के बाद, जो छात्र दोबारा फेल होंगे, उन्हें उसी कक्षा में रोका जाएगा (डिटेन किया जाएगा)। यानी अगर विद्यार्थी पढ़ाई में बिल्कुल फिसड्डी है तो उसे उसी क्लास में रोक कर विशेष कोचिंग दी जा सकती है लेकिन अगली कक्षा में प्रमोट नहीं किया जा सकता है।

ऐसे विद्यार्थियों को ग्रीष्मकालीन छुट्टियों में परीक्षा में बैठाने से पहले अतिरिक्त क्लास लगाकर पढ़ाया जाएगा।

# सप्ताहभर पहले कराहल से अगवा हुई किशोरी बरामद, दुष्कर्म की बनी शिकार

**कराहल थाना क्षेत्र का मामला**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर।

करीब एक सप्ताह पहले कराहल कस्बे से अगवा हुई किशोरी को कराहल थाना पुलिस ने दस्त्याब कर लिया है। किशोरी को अर्जुन आदिवासी नामक युवक शादी करने का झांसा देकर अपने फूफा के घर ले गया, जहां उसके साथ दुष्कर्म किया गया। कराहल थाना पुलिस ने किशोरी का मेडिकल कराने और कोर्ट में बयान कराने के बाद उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। साथही आरोपी की तलाश भी शुरू कर दी है।

कराहल थाने के सहायक उप निरीक्षक पवन शर्मा ने बताया कि 17 मार्च को कराहल से अगवा हुई 16 वर्षीय किशोरी को नजदीकी गांव पनवाडा निवासी अर्जुन आदिवासी शादी का झांसा देकर सबलगढ में रहने वाले अपने फूफा के यहां ले गया। जहां उसने किशोरी को चार पांच दिन रखा और उसके साथ दुष्कर्म किया। फिलहाल आरोपी फरार है। लेकिन किशोरी के बयानों के बाद उसके खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

### फूफा को भी आरोपी बनाएगी पुलिस

कराहल थाना पुलिस ने इस मामले में आरोपी अर्जुन आदिवासी के साथही उसके सबलगढ निवासी फूफा को भी आरोपी बनाएगी। पुलिस का कहना है कि अर्जुन आदिवासी के फूफा ने किशोरी और अर्जुन को अपने घर में नियम विरूद्ध तरीके से छिपाकर रखा। जहां किशोरी के साथ दुष्कर्म भी किया गया था।

### युवा संगम में 55 का प्रारंभिक चयन, 43 को ऑफर लेटर दिए

श्योपुर। जिला रोजगार कार्यालय द्वारा युवा संगम रोजगार मेले का आयोजन वीरपुर में किया गया। इस अवसर पर प्रमोद राय जिला प्रबंधक स्कील्स एनआरएलएम, रघुवर जाटव प्रबंधक सीएलएफ वीरपुर, रामनिवास राव, जिला रोजगार कार्यालय से नीरज चिडार सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी आदि उपस्थित रहे। रोजगार मेले के दौरान 43 युवको का प्रारंभिक चयन किया गया। युवा संगम कार्यक्रम में विभिन्न कम्पनियों द्वारा सहभागिता करते हुए 55 अभ्यर्थियों का प्रारंभिक चयन कर 43 अभ्यर्थियों को ऑफर लेटर प्रदान किये गये। इस दौरान कार्यक्रम में 75 युवाओं का पंजीयन कराया एवं कंपनियों द्वारा 55 युवाओं का प्रारंभिक चयन कर 43 को ऑफर लेटर प्रदान किये गए। युवा संगम में विभिन्न सेक्टर की 05 निजी क्षेत्र की कंपनियां शामिल हुई, जिनके द्वारा साक्षात्कार के माध्यम से निजी क्षेत्र में रोजगार के लिए ऑफर लेटर उपलब्ध कराये गये।

## खबर संक्षेप

### मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कईं मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत बोहरे कॉलोनी निवासी आशू नामदेव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी आसिफ खान ने शराब के लिए पैसे मांगे न देने पर उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।जिले के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत ईदगाह मोहल्ला निवासी मीना पत्नि राजेश सोनी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी प्रिंस जैन एवं अन्य दो साथियों ने उसके घर में घुसकर लाठी डंडों से मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम हैदर निवासी अलोफा बाई अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी अतर सिंह अहिरवार और श्यामकिशोर अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के ईसागढ थाना क्षेत्र के अंतर्गत विजयपुरा निवासी रचना कुशवाह ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी रघुवीर यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के नईसरायं थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम रांठ निवासी अनंत सेन ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी सोनू कौरी ने उससे डंडे से मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इसी घटना में दूसरे पक्ष की ओर से सोनू कोरी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि अनंत और चंचल सेन ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।जिले के नईसरायं थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम भैंसा निवासी छोटू ढीमर ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी राजपाल, देशराज और भरोसा रजक ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के पिपरई थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम कैथन निवासी वेदकला यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी मोहन, देवेन्द्र, विशाल, नमन और जतिन यादव ने उसके घर में घुसकर मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

### दुष्कर्म के दोषी को 20 वर्ष का कठोर कारावास

**अशोकनगर।** थाना कचनार अंतर्गत दुष्कर्म के प्रकरण में आरोपी को 20 वर्ष का कठोर कारावास एवं 12,000 के अर्थदण्ड से विशेष न्यायालय द्वारा दण्डित किया गया है। उल्लेखनीय है कि 14 जनवरी 2025 को फरियादी द्वारा थाना कचनार में उपस्थित होकर अपनी 15 वर्षीय नाबालिग भांजी के अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कराई गई। जिस पर थाना कचनार में अपराध क्रमांक 10/2025 धारा 137(2) बीएनएस के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। मामले की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस टीम द्वारा तत्परता से कार्यवाही करते हुए अपहता को ग्राम तूमैन के संक्रांति मेले से आरोपी जगदीश अहिरवार के कब्जे से सकुशल दस्तयाब किया गया। विवेचना के दौरान पीड़िता के कथनों के आधार पर प्रकरण में धारा 65(1) बीएनएस तथा 5(एल)/6 पॉक्सो एक्ट का इजाफा किया गया तथा आरोपी जगदीश अहिरवार पुत्र कप्तान सिंह अहिरवार निवासी ग्राम सावन को गिरफ्तार किया गया। प्रकरण क्रमांक एससी 06/2025 में न्यायालय विशेष न्यायाधीश प्रकाश क्रिकेट्टा द्वारा सुनवाई उपरांत, विवेचना के दौरान संकलित पीड़िता के कथनों, भौतिक एवं वैज्ञानिक साक्ष्यों तथा अन्य प्रमाणों के आधार पर आरोपी को दोषी पाते हुए 20 वर्ष का कठोर कारावास एवं 12,000 के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। जिसमें आवेदन पक्ष की तरफ से सहायक लोक अभियोजन अधिकारी यशपाल सिंह यादव द्वारा अभियोजन की तरफ से दोषसिद्धि में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया गया।

### नवांकुर संस्थाओं का बैठक सह प्रशिक्षण संपन्न

**अशोकनगर।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद जिला अशोकनगर अंतर्गत नवांकुर संस्थाओं की बैठक सह प्रशिक्षण का आयोजन सुशील बरुआ संभाग समन्वयक ग्वालियर की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन द्वारा किया गया। प्रशिक्षण में उद्यानिकी विभाग के उपसंचालक गिरवाल द्वारा नर्सरी स्थापना के संबंध में विस्तार से मार्गदर्शन दिया गया।

नवरात्रि में माता के दरबार में भक्तों की उमड़ रही भीड़

# जिले के माता के प्रसिद्ध शक्ति स्थल श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र बने


हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

जिले के पीठ स्थल इन दिनों श्रद्धालुओं में आस्था के केंद्र बने हैं यहां आस्था और भक्ति की बयार बह रही है बड़ी संख्या में श्रद्धालु चैत्र नवरात्रि के मौके पर माता के दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं यहां नवरात्रि के नौ दिनों तक श्रद्धालुओं का मेला लगा रहता है अशोकनगर जिले के साथ-साथ बाहरी स्थानों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु आ रहे हैं।

### तूमैन की विध्यवासिनी माता मंदिर में श्रृंगार

जिले के प्रसिद्ध तीर्थ स्थलों में तूमैन की विंध्यवासिनी माता का मंदिर अत्यंत प्राचीन है यहां माता लोगों की मनोकामना पूरी करने वाली है। इस स्थान पर माता का प्रति दिन श्रृंगार किया जा रहा है यहां निरंतर ज्योत जलती रहती है, यहां का स्थान प्राचीनता से जुड़ा हुआ है। कहते हैं कि तूमैन राजा मोरध्वज की नगरी थी और उनके पुत्र तुंगध्वज हुए उनके द्वारा इस माता के मंदिर में आकर आराधना की जाती थी। आराधना स्थल काफी पुराना है यहां पूरे वर्ष पर श्रद्धालु आतें जाते हैं। तूमैन एक प्राचीन नगरी है इस नगरी के उत्थान की आवश्यकता है। यहां विंध्यवासिनी माता के अलावा अनेक मंदिर भी है जो दर्शनीय है। इसी स्थान पर जैन और हिंदू शिल्प की प्रतिमाएं कई स्थानों पर देखी जा सकती हैं। नवरात्रि के दिनों में यहां दूर-दूर से श्रद्धालु आते हैं। यह स्थान अशोकनगर से 8 किलोमीटर दूर है अशोकनगर से कचनार जाने वाले मार्ग पर यह गांव बसा है यहां आसानी से माता के दर्शन हो जाते हैं।





### चंदेरी की जागेश्वरी देवी मां का अदभुत दरबार

जिला मुख्यालय से 65 किलोमीटर दूर चंदेरी में जागेश्वरी देवी मां का दरबार एक पहाड़ पर बना हुआ है यहां पहुंचने के लिए सीढीयों से जाना पड़ता है। इस मंदिर के पास एक ताल भी बना हुआ है चंदेरी की जागेश्वरी देवी मां के बारे में श्रद्धालुओं को हमेशा तरह-तरह के चमत्कार सुनने के लिए मिलते रहते हैं। यहां देवी मां जागती हुई अवस्था में है इसलिए इसका नाम जागेश्वरी देवी कहा जाता है। इस स्थान पर पूरे वर्ष पर श्रद्धालुओं में पहुंचना लगा रहता है। इस स्थान पर चैत्र नवरात्रि का मौका हो या शारदीय नवरात्रि का अवसर हो हमेशा श्रद्धालु पहुंचते हैं। कहते हैं कि देवी मां पहाड़ तोड़कर यहां प्रकट हुई थी। यह भी कहा जाता है की राजा को देवी ने स्वप्न में अपना रूप प्रकट कर दिखाया था और कहा था कि सात दिन तक यहां का द्वार न खोले लेकिन राजा ने जिज्ञासा बस तीसरे दिन ही द्वार खोल दिया तब देवी का केवल मुख प्रकट हुआ था। उसके पश्चात पर आगे देवी का स्वरूप प्रकट नहीं हुआ। एक कथा यह भी है कि चंदेरी के शासक राजा कूर्म को कुष्ठ रोग था, शिकार में पानी से व्याकुल होने के दौरान पानी को तलाशते हुए जब पहुंचे तब यहां का जल पीते ही उनका कोड दूर हो गया था। वही एक दिव्या वाला दिखाई थी जो तुरंत विलीन हो गई थी, स्वप्न में उसी ने राजा से कहा कि मैं शिशुपाल के यज्ञ स्तर पर प्रकट होना चाहती हूं, तू मंदिर बना। पर 9 दिन तक उसका द्वार न खोलना महाराज ने वैसा ही किया, पर तीसरे दिन ही दरवाजा खोल दिया माता विशाल चट्टान फोड़कर प्रकट हुई और मुखारविंद का दर्शन हो सका। देवी मां के मंदिर से लगी हुई एक गुफा भी है यहां पर दो कुंड है जिन्हें बहुदा लोग गंगा जमुना के नाम से जानते हैं। पहाड़ के ऊपर से झरने का पानी बहता हुआ आता है। इस स्थान को राज्य सरकार जागेश्वरी देवी लोक के रूप में विकसित कर रही है, इसके बाद यहां आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या में और भी अधिक हो सकती है। यह स्थान अशोकनगर मुंगावली चंदेरी और उत्तरप्रदेश के ललितपुर जिले के लोगों के लिए तथा शिवपुरी जिले के लोगों के लिए के लिए देवी मां आराधना के रूप में विख्यात है। यहां जागेश्वरी देवी के नाम पर एक मेले का आयोजन भी होता है जो वर्तमान में चल रहा है।


### कदवाया की बीजासन माता आंखों की रोशनी बढ़ाने वाली हैं

जिला मुख्यालय से 50 किलोमीटर दूर कदवाया की बिजासन माता का दरबार अत्यंत प्राचीन और विभिन्न प्रकार की किवदंतियों से जुड़ा हुआ है। इस स्थान पर आने वाले श्रद्धालु एक बार आने के बाद बार-बार आते हैं इस बिजासन माता का दरबार लोगों की मनोकामना पूरी करने वाला है। कहते हैं कि माता के दर्शन करने से आंखों की नेत्र ज्योति बढ़ती है कई किस्से भी इस बारे में सुने जाते हैं। यहां पूरे वर्ष भर में हर चतुर्दशी को मेला लगता है दुकानें सजती हैं। वैसे तो नवरात्रि में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रहती है लेकिन साल भर इस स्थान पर श्रद्धालु आते हैं और कदवाया की बड़ी पहचान देवी मां बीजासन के रूप में की जाती है। यह स्थान अशोकनगर से शिवपुरी से चंदेरी और खनियाधाना से सड़क मार्ग से जुड़ा हुआ है। यहां जाने के लिए लोग अपने निजी वाहनों से भी आते हैं और यहां पहुंचने के लिए बसों का संचालन भी होता है। लोग आसानी से कदवाया में बीजासन माता के दर्शन कर अपने आप को धन्य मानते हैं यह स्थान यहां का सबसे बड़ा स्थान है। नवरात्रि के दिनों में लोग जवारे लेकर भी पहुंचते हैं और माता के दरबार में 24 घंटे ज्योत जलती रहती है। कदवाया की प्राचीनता और यहां की ऐतिहासिकता के साथ कदवाया की देवी मां मंदिर भी विशेष स्थान रखता है।

## संसार चक्र में किसी के कहने से कोई परिवर्तन नहीं होताः मुनिश्री



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर



सुभाषगंज में विशाल धर्मसभा को संबोधित करते हुए दया भावना प्रेरक मुनिश्री अविचल सागर जी महाराज ने कहा कि हर भक्त के मन में दया भावना का भाव रहता है आपके सामने गाय बीमार हो जाती है तो मन्दिर आते हुए भक्त विचलित हो जाते हैं। बहुत करने की चाह रहते हुए कुछ नहीं कर पाते।

उन्होंने कहा कि लेकिन आप लोगों ने गतवर्ष गौ चिकित्सालय पशु अस्पताल की भावना भाई थी हमारे बड़े महाराज मुनि पुंगव श्रीसुधासागरजी महाराज ने भी दया भावना को बहुत आशीर्वाद दिया था। यह दया भावना हर व्यक्ति के अंदर होना चाहिए इससंसार में ये जन्म मरण का चक्र चल रहा है यह किसी के कहने से इसमें कुछ भी परिवर्तन नहीं होने वाला यह कर्म के अनुसार जिस रूप आना हो आता है। यह अलग बात है कि निमित्त ज्ञान बता दे कि पुत्र या पुत्री होगी आठ कर्म आपके मन में भाव पैदा नहीं करतें वह आठ कर्म सबसे पहले हमारे हड्डी में मांस शरीर खून में उतरते हैं मन दो प्रकार के द्रव्य मन और भाव मन है यह हड्डी में मांस में खून में मिलकर उसके अनुसार कर्म के लिए प्रेरित करते रहते हैं। इस तरह यह कर्म के अनुसार हो रही है उसे तुम रोकना चाहते हो वह रोक नहीं पाते। पूर्व के आठ कर्म आपके हड्डी मांस खून में ये दुरगुण उतर गये गुण नहीं आते इनको रोकने के लिए पुरुषार्थ करना होगा। तुम दस गुण के स्वामी बनों। दया करूणा क्षमा करने चाहते हैं पहले इस शरीर में भरा पड़ा है उसको बाहर निकालना होगा।

भोजन करके जितना कर्म काटे जा सकते हैं उतना उपवास करके भी नहीं काटे जा सकते

इस दौरान मुनि श्री ने कहा कि भोजन करके जितना कर्म काटे जा सकते हैं उतना उपवास करके भी नहीं काटे जा सकते। यदि भोजन का ही विज्ञान नहीं है तो मंत्र तंत्र कुछ भी काम नहीं कर पायेंगे जीवन की पहली साधना तन की सुंदर तन को पाना है सबसे पहले हड्डी मांस खून को शुद्ध बनना होगा जैसे पेन के अंदर भरी रहती है उसको साफ़ करने के लिए हजारों बूंद पानी डालना होगा तव वह साफ होगा और जो आप उसमें नया डालना चाहते हैं वह प्रभाव दिखायेगा। भोजन को कभी ध्रणा के भाव से मत देखना भोजन को देखना सीखना पड़ेगा।

## रामनवमी पर जिले के चंदेरी और ओरछा को मिल रही है पीएम श्री पर्यटन हेलीकॉप्टर सेवा

**अशोकनगर।** मध्यप्रदेश राज्य सरकार द्वारा पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न पर्यटन क्षेत्रों से एयर कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए पीएम श्री पर्यटन हेलीकॉप्टर सेवा की शुरुआत की गई है, अब इस सेवा से चंदेरी पर्यटन नगरी जुड़ने जा रही है, चंदेरी के वायु मार्ग से जुड़ जाने पर अशोकनगर जिला भी वायु सेवा से जुड़ जाएगा। यह महत्वपूर्ण उपलब्धि जिले एवं चंदेरी को मिलने जा रही है। जिसका शुभारंभ मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव 27 मार्च को रामनवमी के पावन अवसर पर भोपाल से हरी झंडी दिखा कर सेवा का शुभारंभ करेंगे।

यह पीएम श्री पर्यटन हेलीकॉप्टर सेवा भोपाल चंदेरी ओरछा के लिए प्रारंभ हो रही है, जिससे चंदेरी से ओरछा एवं भोपाल को वायु मार्ग से जाया जा सकेगा। इस सेवा को जेट सर्व एवियशन और उसकी सेवा प्रदाता कंपनी फ्लाईओला संचालित करेगी, इस सेवा का जो शेड्यूल जारी किया गया है, उसके मुताबिक चंदेरी से पीएम श्री पर्यटन हेलीकॉप्टर सेवा गुरुवार, शनिवार एवं रविवार को मिलेगी। इसके लिए चंदेरी में किला कोठी के निकट हेलीपैड पर व्यवस्थाएं की गई है। ज्ञातव्य हो कि, 27 जनवरी को पर्यटन एवं मुख्यमंत्री के सचिव वरिष्ठ आईएएस ईलैयाराजा. टीके द्वारा अशोकनगर कलेक्टर को पत्र लिखकर इस सेवा के शुभारंभ होने की सूचना दी थी और सभी आवश्यक व्यवस्थाएं प्रदान करने हेतु निर्देशित किया था, इसके पश्चात अशोकनगर जिला प्रशासन एवं चंदेरी प्रशासन द्वारा संपूर्ण कार्रवाई एवं अनुमतियां संपादित कर दी गई है। इस सेवा के प्रारंभ होने का जिले वासियों को इंतजार है।




### गोलाकोट को भी पीएम श्री सेवा से जोड़ने की मांग

चंदेरी की सीमा से जुड़े शिवपुरी जिले के खनियांधाना तहसील के अंतर्गत आने वाले गोलाकोट तीर्थ क्षेत्र को पीएमश्री हेलीकॉप्टर सेवा से जोड़ने की भी मांग की गई है यह वहीं स्थान है जहां गोलाकार पहाड़ियों को काटकर इसे अनुपम क्षेत्र बनाया गया है। यहां का मंदिर अमृतसर के स्वर्ण मंदिर की तरह है तथा इस स्थान पर 3स्टार होटल और आधुनिक भोजनशाला होने के कारण बड़ी संख्या में यात्रियों का आवागमन हो रहा है। यदि इसे ओरछा चंदेरी के बाद गोलाकोट से जोड़ दिया जाए तो राजस्व की अतिरिक्त प्राप्ति होगी और कम समय में लोग दर्शन कर आ जा सकेगें। क्योंकि ओरछा भी रामराजा सरकार का दरबार है और चंदेरी ऐतिहासिक और धार्मिक नगरी है साथ में गोलाकोट भी जैन धर्म का धार्मिक स्थल है। इस आशय की मांग जैन समाज के अध्यक्ष राकेश कांसल ने की है।

## मोनालिसा के बाद अब चंदेरी के गणगौर मेले की शिवपुरी की नृत्यांगना ने मचाया धमाल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

ऐतिहासिक नगरी चंदेरी में इन दिनों गणगौर मेले की धूम है। वैसे तो यहां की विरासत और संस्कृति हमेशा से चर्चा में रहती है, लेकिन इस बार सोशल मीडिया पर एक खास वजह से चंदेरी का मेला छाया हुआ है। कुंभ मेले में वायरल हुई मोनालिसा के बाद अब गणगौर शोभा यात्रा में शामिल हुई शिवपुरी की एक नृत्यांगना की तस्वीरें और वीडियो इंटरनेट पर तेजी से वायरल हो रहे हैं।

**शिवपुरी से आई थीं नृत्यांगनाएंः** चंदेरी में प्रतिवर्ष गणगौर शोभा यात्रा के अवसर पर विशेष नृत्य प्रस्तुतियों के लिए शिवपुरी से कलाकारों को आमंत्रित किया जाता है। इस वर्ष भी चार नृत्यांगनाएं यहाँ आई थीं, जिनमें से एक अपने शानदार नृत्य और अंदाज के कारण लोगों के आकर्षण का केंद्र बन गईं। उनकी झलक पाने और वीडियो बनाने के लिए मेले में भारी भीड़ उमड़ पड़ी।



**मेले की खास बातें जित्तू खरे का बुंदेली तड़का** तीन दिवसीय गणगौर शोभा यात्रा का औपचारिक समापन हो गया है, लेकिन मुख्य मेला 5 अप्रैल तक जारी रहेगा। मेले में लगातार बुंदेली लोकगीत और अन्य कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। आज बुंदेलखंड के प्रसिद्ध लोक कलाकार जित्तू खरे बादल का कार्यक्रम प्रस्तावित है। उन्हें सुनने के लिए चंदेरी और आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोगों के पहुँचने की उम्मीद है।

**नपा को हुई लाखों की बचतः** इस वर्ष चंदेरी नपा ने मेले के आयोजन के तरीके में बड़ा बदलाव किया है। मुख्य नपा अधिकारी प्रदीप शर्मा ने बताया कि पहले जब नपा सीधे मेला आयोजित करती थी, तो लाखों रुपए खर्च होते थे जिनका हिसाब-किताब स्पष्ट नहीं हो पाता था। इस बार हमने व्यवस्था को पारदर्शी बनाते हुए मेले का टेंडर जारी किया। इससे न केवल 30 लाख रुपए की बचत हुई है, बल्कि ठेकेदार के माध्यम से व्यवस्थाएं भी बेहतर हुई हैं। प्रशासन का कहना है कि आने वाले समय में इन व्यवस्थाओं में और अधिक सुधार किया जाएगा ताकि पर्यटकों और स्थानीय लोगों को बेहतर अनुभव मिल सके।

ट्रेन से यात्री हो सकेंगे लाभान्वित, यात्रा करने में लोगों को होगी सुविधा

# मेमू ट्रेन को गुना से बीना तक बढ़ाए जाने की लोग कर रहे मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

स्थानीय सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया के संसदीय क्षेत्र में अधिक से अधिक नागरिकों को सुविधाएं मिलें। इस पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए लेकिन ग्वालियर से रूठियाई के बीच चलने वाली मेमू ट्रेन में गुना जिले के कईं स्टेशनों के साथ अशोकनगर जिले की उपेक्षा की गई है। टेन चल रही है लेकिन अशोकनगर जिले को उसका कोई लाभ नहीं है। यदि इसी ट्रेन को गुना से रूठियाई भेजने के स्थान पर गुना से बीना की ओर चलाया जाए तो यह टेन ग्वालियर मुंबई रेल मार्ग पर बसे सबसे बड़े रेल जंक्शन बीना से जुड़ सकेगी। इस टेन से पूरा संसदीय क्षेत्र लाभान्वित होगा। अगर ऐसा नहीं हुआ तो अशोकनगर जिले को इस टेन का कोई लाभ नहीं मिलेगा, जबकि रूठियाई से ग्वालियर के बीच अनगिनत टेनें चल रही हैं। जबकि अशोकनगर जिले से ग्वालियर जाने के लिए मात्र दो टेन हैं।




यदि सांसद सिंधिया उसी समय इस नई मेमू ट्रेन को अशोकनगर के रास्ते संचालित होने की मांग कर देते तो आम जनता को इस समय मांग नहीं उठानी पड़ती। सांसद सिंधिया के मांग की पूर्ति अब रेल मंत्रालय करने जा रहा है, जिसके लिए नई ट्रेंन संचालन हेतु रेक प्रदान कर दिया गया है। ग्वालियर में पिटलाइन में इलेक्ट्रिक ट्रेक्शन की सुविधा हेतु रेल अधिकारियों ने रेल बोर्ड से अनुमति मांगी है। यह नई चलाई जाने वाली ट्रेन को रुठियाई से ग्वालियर के बीच चलाई जाने हेतु तैयारी चल रही है। इस नई मेमू ट्रेन को रुठियाई के जगह अशोकनगर के रास्ते बीना जंक्शन रेलवे स्टेशन तक चलवाए जाने की मांग अशोकनगर वासियों के द्वारा क्षेत्रीय सांसद एवं केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से की जा रही है क्योंकि अभी रेल बोर्ड के द्वारा इसका आदेश जारी नहीं हुआ है।

इस नई ट्रेन की सुविधा से अशोकनगर जिला वंचित हो रहा है, यदि यह ट्रेन गुना के आगे अशोकनगर के रास्ते बीना जंक्शन तक कनेक्ट हो जाएगी तो इससे अशोकनगर जिले वासियों को ग्वालियर के लिए नई ट्रेन मिल जाएगी और मुंगावली पिपरई अशोक नगर के लोगों को बहुत लाभ होगा। अभी यह मौका है जब रेलवे बोर्ड के आदेश से पूर्व इस नई मेमू ट्रेन को अशोकनगर के रास्ते बीना जंक्शन तक कनेक्ट करवाया जा सकता है। अशोकनगर जिले को रेलवे विभाग द्वारा दोयम दरजे पर हर समय रखा जा रहा है, जहां रुठियाई तक मेमू ट्रेन को बढ़ाने के लिए रेलवे के कुछ अधिकारी कर्मचारी अपनी जोर अजमाइश कर रहे हैं, वहीं यही रेलवे के अधिकारी बीना गुना रेल खंड पर तमाम तरह के नकारात्मक अवरोध लगाकर अशोकनगर जिले को विभिन्न ट्रेनों से वंचित कर रहे हैं। इसका संज्ञान अशोकनगर जिले के जनप्रतिनिधियों एवं सिंधिया समर्थकों को लेना चाहिए क्योंकि इससे अशोकनगर जिला बहुत पीछे हो रहा है और रेल आवागमन से वंचित हो रहा है।

**छात्र-छात्राओं, मरीज, व्यापारियों, आम नागरिकों एवं ग्रामीणों को होगा फायदा**

अशोकनगर से भोपाल ग्वालियर इंटरसिटी के अलावा बीना ग्वालियर ट्रेन है जिससे कि लोग ग्वालियर जा सके। आमतौर पर ग्वालियर लोग उच्च न्यायालय में याचिका दायर करने तथा ग्वालियर में इलाज आदि करने को जाया करते हैं, क्षेत्र के कई छात्र-छात्राएं ग्वालियर में अध्यनरत है और ग्रामीण जन भी ग्वालियर आया जाया करते हैं। यहां का संभागीय मुख्यालय भी ग्वालियर है, यदि नई मेमू ट्रेन को अशोकनगर के रास्ते बीना जंक्शन तक किए जाने का आदेश रेलवे बोर्ड द्वारा जारी कर दिया जाता है तो इससे बीना, मुंगावली, पिपरई ,अशोकनगर के बड़े भूभाग के लोगों को फायदा मिलेगा, इस पर क्षेत्रीय सांसद एवं केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को ध्यान देना होगा और उनके जो समर्थक जिले में निवास रत हैं,उनको भी इस बारे में सांसद को पुरजोर तरीके से अवगत कराना होगा, ताकि नई मेमू ट्रेन गुना से आगे अशोक नगर के रास्ते बीना जंक्शन तक संचालित हो जाए और अशोकनगर जिले वासियों को भी इससे लाभ मिल जाए।

### ट्रेनों का संचालन न होने में मुख्य अडंगा रेलवे के अधिकारी हैं

पश्चिम मध्य रेलवे महाप्रबंधक कार्यालय, मुख्यालय जबलपुर के अधिकारियों से जब रेलवे बोर्ड द्वारा अशोकनगर से ट्रेनों के संचालन संबंध में लिखित टीप मांगी जाती है, तब रेलवे के अधिकारी लोग बीना गुना रेल खंड में 12:45 से 3:45 तक कॉरिडोर ब्लॉक होने की बात लिखते हैं, ट्रेनों के संचालन में अनुरक्षण, पिटलाइन न होने का हवाला देते हैं और जो ट्रेनें पूर्व में चल रही थी, उन्हें पुनः चलाने के बारे में समय का अभाव एवं सुरक्षा का हवाला देकर नकारात्मक टिप्पणियां करते हैं, जिसके कारण रेल बोर्ड के द्वारा कई मांगों को अभी तक पूरा नहीं किया जा सका है। यदि इन रेलवे के अधिकारियों को जबरदस्त फटकार लग जावे और इन्हे सही-सही टीका टिप्पणी करने को बोला जाए तब कहीं जाकर अशोकनगर से तमाम ट्रेनों का संचालन बेहद आसानी से हो सकता है। इस संबंध में सांसद एवं केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को इन अधिकारियों की टिप्पणियों के बारे में और इन्हें फटकार लगाई जाने के संबंध में अनुरोध किया जा चुका है। अब यह देखना होगा कि, इन नकारात्मक अधिकारियों पर क्षेत्रीय सांसद एवं केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के द्वारा क्या कार्रवाई होती है? और अशोकनगर को कितनी ट्रेनों की सौगात मिलती है।